बिलासपुर, सोमवार 15 जनवरी 2024
haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



## अयोध्या में ऐसी तैयारी

- 50 इलेक्ट्रिक बसों को सीएम योगी ने दिखाई हरी झंडी
- 25 ई आटो रिक्शा भी चलेंगे श्रद्धालुओं के लिए
- अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को राम, सीता की चित्र वाली चूड़ियां भेंट करेंगे कारोबारी
- दक्षिण भारत से सीधे अयोध्या पहुंचने 2 फरवरी से उड़ानें

## श्रीराम के ससुराल में जलेंगे सवा लाख दीये, भेजे गए 3200 प्रकार के 'भार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नेपाल

अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का जश्न प्रभु के ससुराल में भी मनेगा। इसके लिए नेपाल में तैयारी पूरी की जा चुकी है।

*उपहार में चांदी की खड़ाऊ, फल, फूल, मिठाइयां, कपड़े आदि*

भारत के साथ नेपाल में भी दीपावली मनाई जाएगी। सीता माता का जन्मस्थान जनकपुर है, जो नेपाल में है। यहां के जानकी मंदिर में 22 जनवरी को भव्य आयोजन किया जाएगा। जानकी मंदिर के वरिष्ठ महंत राम तपेश्वर दास वैष्णव ने हरिभूमि से विशेष बातचीत में बताया कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर

▶▶| शेष पेज 6 पर

हरिभूमि खास

### शाम होते ही शुरू हो जाता है रामायण पाठ

# अस्सी सालों से गूंज रही श्रीरामचरित मानस की चौपाइयां

संतोष दुबे ▶▶| राजनांदगांव

अस्सी साल से शाम होते ही बुजुर्ग से लेकर युवा तक एकत्र होकर श्री राम चरित मानस का पाठ और गुणगान नियमित रूप से करते आ रहे है, जिसकी गूंज से आस पास का वातावरण भगवान राम मय बना रहता है। संस्कारधानी के गांधी चौक स्थित श्री रामायण प्रचारक समिति के माध्यम से चौथी पीढ़ी के लोग भी इस परंपरा ▶▶| शेष पेज 6 पर



गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर भव्य आयोजनः श्रीरामायण प्रचार समिति का यह भवन कवेलू वाला था जहां बैठ कर लोग राम भक्ति में लीन हो श्री राम चरित मानस का पाठ सामूहिक रूप से किया करते थे। ▶▶| शेष पेज 6 पर

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर उत्साह

यहां गोस्वामी तुलसीदास जयंती अवसर पर विविध कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते है । वही कई जानी मानी हस्तियां यहा व्याख्यान देकर ▶▶| शेष पेज 6 पर

### मणिपुर से यात्रा का आगाज, केंद्र पर जमकर बरसे

# अन्याय के खिलाफ राहुल की न्याय यात्रा
# 67 दिन चलेंगे, छत्तीसगढ़ में रहेंगे पांच दिन

*कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को मणिपुर से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू की। इसके जरिए पार्टी का प्रयास होगा कि लोकसभा चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों को विमर्श के केंद्रबिंदु में लाए जाए। इंफाल के बोथल से बस के जरिए यात्रा शुरू करने से पहले राहुल गांधी ने कहा कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकाली जा रही है क्योंकि देशवासी भारी अन्याय का सामना कर रहे हैं।*

एजेंसी ▶▶| इंफ़ाल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य एक ऐसे भविष्य का दृष्टिकोण पेश करना है, जो सद्भावना, समान भागीदारी और भाईचारे से भरा हो। राहुल ने यात्रा शुरू करने से पहले खोंगजोम युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। राहुल गांधी ने कहा, 2004 से राजनीति में हूं। पहली बार हिंदुस्तान के एक प्रदेश गया हूं जहां पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। जिसे आप मणिपुर कहते थे, वो अब रहा ही नहीं। उन्होंने दावा किया, देश के प्रधानमंत्री आज तक यहां लोगों के आंसू पोंछने, हाथ पकड़ने नहीं आए। शायद भाजपा, आरएसएस के लिए मणिपुर देश का हिस्सा नहीं है। कांग्रेस की यात्रा शुरू करने के लिए राज्य का चुनाव किए जाने का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा, सवाल उठा था कि यात्रा शुरू कहां से होनी चाहिए? मैंने साफ कहा कि यह यात्रा मणिपुर से ही शुरू होनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि मणिपुर में जो हुआ वो भाजपा, आरएसएस की नफरत की राजनीति का प्रतीक है। ▶▶| शेष पेज 6 पर

**ऐसी यात्रा**
- 6,700 किमी दूरी
- 67 दिन तक चलेगी

» बेरोजगारी, महंगाई और सामाजिक न्याय का मुद्दा उठाया

» यात्रा ज्यादातर बस से होगी, लेकिन कहीं-कहीं पदयात्रा भी होगी







### हर दिन दो सभाओं को संबोधित करेंगे राहुल

यात्रा के दौरान राहुल हर दिन दो सभाओं को संबोधित करेंगे। इसके अलावा, वह हर दिन समाज के विभिन्न वर्गों के 20 से 25 लोगों से मिलेंगे। वह सामाजिक संगठनों के सदस्यों साथ भी बातचीत करेंगे। अगले 11 दिनों के दौरान यात्रा पूर्वोत्तर के पांच राज्यों से होकर गुजरेगी।

### खोंगजोम युद्ध स्मारक पर अर्पित की पुष्पांजलि

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू करने से पहले रविवार को खोंगजोम युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। उनके साथ पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और इसके कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। यह स्मारक 1891 के आंग्ल-मणिपुर युद्ध के शहीदों के सम्मान में बनवाया गया था।

**जयराम बोले**

### सहो मत, डरो मत

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तस्वीरें शेयर करते हुए कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, पिछले 10 साल के अन्याय काल के खिलाफ भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू हो चुकी है। आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राहुल गांधी को राष्ट्रीय ध्वज देकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत की और हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। मणिपुर में पिछले 8 महीनों में हुए अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते हुए यात्रा जारी रहेगी.. सहो मत डरो मत न्याय का हक मिलने तक!

### सीएम विष्णुदेव ने उड़ाई पतंग



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मकर संक्रांति के पावन अवसर पर नवा रायपुर अटल नगर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित पतंग उत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने पतंग उड़ाकर पतंग उत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति, पोंगल, गुड़ीपड़वा और लोहड़ी की शुभकामनाएं दी।

**लखनऊ में ली अंतिम सांस**

## शायर मुनव्वर राणा का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**लखनऊ।** आज एक आवाज शांत हो गई. मां पर कई रचनाएं लिखने वाले मशहूर शायर मुनव्वर राणा का देर रात कार्डियक अरेस्ट से निधन हो गया. वह कई दिनों से बीमार थे. उनका लखनऊ के पीजीआई में इलाज चल रहा था। किडनी और हार्ट संबंधी कई समस्याएं थी। पिछले साल राणा को तबीयत खराब होने पर लखनऊ के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था. तब भी उनकी हालत इतनी बिगड़ गई थी कि उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था. राणा की बेटी और सपा नेता सुमैया राणा ने बताया था कि उनके पिता का स्वास्थ्य पिछले दो-तीन दिनों से खराब है. डायलिसिस के दौरान उनके पेट में दर्द था।



### सीबीआई को सौंपने से पहले की जा रही बड़ी तैयारी

**पूर्व सरकार के कार्यकाल में भाजपा नेता ननकीराम कंवर ने हाईकोर्ट में लगाई थी याचिका**

# पीएससी के कारनामों की कुंडली तैयार कर रही सरकार, सौंपेगी दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी सीजी) की पिछली परीक्षाओं में हुई कथित अनियमितताओं, गड़बड़ियों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने के पहले राज्य सरकार इस घोटाले की कुंडली तैयार करने में जुटी है। राज्य सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार जांच सौंपने से पहले या तो राज्य में ही एफआईआर कराई ▶▶| शेष पेज 6 पर





### एफआईआर कौन करेगा

पीएससी घोटाले की जांच से जुड़ा एक अहम सवाल है कि मामले में एफआईआर कौन करेगा। इस बारे में उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि इसके लिए भी दो विकल्प हैं। पहला ये कि राज्य सरकार की ओर से ▶▶| शेष पेज 6 पर

### अपने स्तर पर जानकारी जुटा रही है सीबीआई

पीएससी घोटले के संबंध में यह महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया है कि राज्य सरकार द्वारा मामले की सीबीआई जांच कराने का निर्णय लेने के बाद से ही खुद सीबीआई ने मामले से संबंधित तथ्यों को जुटाना शुरू कर दिया है। जानकारी मिली है कि पूर्ववर्ती सरकार के समय जब ये मामला ▶▶| शेष पेज 6 पर

### ये है मामला-पीएससी घोटाला

छत्तीसगढ़ में पीएससी घोटाले के संबंध में मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से सामने आई जानकारी, आरोप के मुताबिक सीजी पीएससी के तत्कालीन चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी, राजभवन सेक्रेटरी अमृत खलको समेत कई ▶▶| शेष पेज 6 पर



14- JAN- K&C- MAIN- Pg- 2 FULL PAGE_Layout 1 1/15/2024 12:11 AM Page 1




# सुशासन

## एक माह में पूरी हुई मोदी की गारंटी

18 लाख से अधिक
ग़रीब परिवारों को नि:शुल्क आवास

13 लाख किसानों को धान के
बकाया बोनस के 3716 करोड़

किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल
धान खरीदी

50 लाख ग्रामीण परिवारों
को नि:शुल्क नल कनेक्शन

69.92 लाख गरीब परिवारों को
आगामी पाँच वर्षों तक नि:शुल्क राशन

महतारी वंदन योजना
1200 करोड़ रुपए का प्रावधान

पीएससी परीक्षा में अनियमितता की
शिकायतों की सीबीआई जाँच का निर्णय

विद्यार्थियों के लिए राजधानी रायपुर में
बनेगा एक और नालंदा परिसर

जशपुर के लिये मास्टर प्लान

छत्तीसगढ़ के तीर्थयात्रियों को अयोध्या में
रामलला के दर्शन के लिये
रामलला दर्शन योजना



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

मोदी की गारंटी

हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

बिलासपुर

सोमवार, 15 जनवरी 2024

पौष शुक्ल पक्ष चतुर्थी

वर्ष : 23, अंक : 325

पृष्ठ : 12+4 = 16, मूल्य : 4.00***

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 29.8
न्यून. 15.0



9 जोकोविच पहली बार चार घंटे में जीते ....

विचार पेज
2 हमारी सेना हर मुकाबले को तैयार




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### चंद्रबाबू की याचिका पर कल आएगा फैसला



**नई दिल्ली।** कौशल विकास निगम घोटाला मामले में तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ प्राथमिकी रद्द करने से इंकार करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर 16 जनवरी को फैसला सुनाएगा।

### 12 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार, नौकाएं जब्त



**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने 12 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनकी नाव को भी जब्त कर लिया है। नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में कथित तौर पर मछली पकड़ने की बात कर इन्हें गिरफ्तार किया है। ये लोग अवैध तरीके से समुद्री क्षेत्र में शिकार कर रहे थे।

### बिजली के करंट से देवरानी-जेठानी की मौत



**उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में देवरानी-जेठानी की बिजली का करंट लगने से मौत हो गयी। घर में संतोष की पत्नी नीलम (28) और गोविंद की पत्नी प्रियांशी (24) पानी भरने के लिए सबमर्सिबल पंप में पहुंची थी। मोटर चालू करने के दौरान ही करंट आ गया।

*कोहरे का कहर*
*दिल्ली में 11 विमान डायवर्ट, छत्तीसगढ़ में देरी से पहुंचे विमान*

# उत्तर भारत में ठंड और कोहरे का डबल अटैक, विमानों ने बदला रास्ता, ट्रेनें लेट

*उत्तर भारत में ठंड ने इस सीजन के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। दिल्ली-एनसीआर से लेकर उत्तर पश्चिम से पूर्वोत्तर भारत तक लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। उत्तरी राज्यों में छाए कोहरे के असर से हवाई और रेल यातायात प्रभावित हुई है। दिल्ली की 11 उड़ानों को डायवर्ट किया गया, बेंगलुरु में 44 उड़ानों में देरी हुई, वहीं छत्तीसगढ़ में पांच उड़ानें प्रभावित हुईं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर भारत के राज्यों में रविवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण सुबह 4.30 से 7 बजे के बीच 7 फ्लाइट्स को जयपुर और एक फ्लाइट को मुंबई डाइवर्ट किया गया। चेन्नई में भी तीन इंटरनेशनल फ्लाइट डाइवर्ट की गईं। दिल्ली आने वाली 22 ट्रेनें देरी से चल रही हैं।

मौसम विभाग के अनुसार इस सीजन में पहली बार दिल्ली के पालम, सफदरजंग, राजस्थान के श्रीगंगानगर, पंजाब के पटियाला, हरियाणा के अंबाला, चंडीगढ़, यूपी के बरेली, लखनऊ, बहराइच, वाराणसी, प्रयागराज और असम के तेजपुर में जीरो विजिबिलिटी रही। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश में आने वाले 3 दिनों तक शीतलहर के कारण कड़ाके की ठंड रहेगी। यूपी के 19 जिलों में सीवियर कोल्ड डे, 54 जिलों में घना कोहरा और 33 जिलों में बर्फीली हवाएं चलने और पाला पड़ने का अलर्ट जारी है। मेरठ ▶▶ शेष पेज 6 पर

### 22 ट्रेनें भी देरी से चल रहीं, 5-6 दिनों तक ऐसे की हालत रहने का अनुमान



### बेंगलुरु से 44 उड़ानों के प्रस्थान में देरी हुई

देश के कई शहरों में खराब मौसम के कारण बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रविवार को 44 उड़ानों के प्रस्थान में देरी हुई। बेंगलुरु में धुंध की मोटी परत के कारण शहर के हवाई अड्डे पर कुछ उड़ानों के उतरने में भी विलंब हुआ। नतीजतन, 44 उड़ानों की रवानगी में देरी हुई जिसका कारण बेंगलुरु समेत कई शहरों में खराब मौसम रहा। इन 44 में से सात उड़ानें दिल्ली के लिए थी जबकि एक उड़ान को चेन्नई से बेंगलुरु की ओर भेजा गया है।

### चेन्नई में 'भोगी' स्मोक, फ्लाइट डाइवर्ट

आज सुबह चेन्नई एयरपोर्ट पर भी धुंध के कारण तीन इंटरनेशनल फ्लाइट्स को हैदराबाद डाइवर्ट किया गया। एयरपोर्ट स्टाफ के मुताबिक, पोंगल में भोगी मनाने के लिए लोग कचरा, पुराना फर्नीचर जलाते हैं। एयरपोर्ट के आसपास के इलाके में लोगों के जलाए कचरे के कारण धुआं छाया हुआ है।

### इन राज्यों में ऐसा रहेगा मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक 15 राज्यों में कोहरे का अलर्ट है। इनमें हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, सिक्किम, ओडिशा, असम, मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा, मिजोरम और नागालैंड शामिल हैं।

## कोहरे का असर, दिल्ली-रायपुर की एक फ्लाइट कैंसिल, देर से चार उड़ानें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दिल्ली सहित उत्तरी राज्यों में छाए कोहरे के असर से हवाई यातायात प्रभावित हुई है। दिल्ली से रायपुर आने वाली उड़ानें काफी विलंब से संचालित हुईं। दिल्ली की एक उड़ान कैंसिल कर दी गई, वहीं दोपहर की फ्लाइट रात तक नहीं पहुंची थी। वहां से संचालित होने वाली अन्य चार उड़ानें भी अपने निर्धारित समय से विलंब से पहुंचीं।

■ **इंतजार करते यात्री एयरपोर्ट पर जताते रहे नाराजगी, कई समय पर नहीं पहुंचे**

सफर शुरू करने रायपुर एयरपोर्ट पर इंतजार कर रहे यात्रियों ने समय पर अपने निर्धारित गंतव्य तक नहीं पहुंचने की वजह से काफी नाराजगी जाहिर की। जानकारी के मुताबिक ठंड का प्रभाव उत्तरी राज्यों में अपना काफी ▶▶ शेष पेज 6 पर

### दूसरे शहरों की आवाजाही भी प्रभावित

कोहरे का असर दिल्ली के अलावा अन्य शहरों से रायपुर आने वाली फ्लाइट पर हुआ है। सुबह बेंगलुरु से आने वाली फ्लाइट एक घंटे, लखनऊ की करीब ढाई घंटे, भुवनेश्वर की 2.50 घंटे, कोलकाता की फ्लाइट दो घंटे विलंब से रायपुर में लैंड हुई। इसके अलावा मुंबई, इंदौर से आने वाली फ्लाइट भी समय पर संचालित नहीं हुई।

### जलाई अंगीठी, दम घुटने से छह की मौत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में दो स्थानों पर कथित रूप से अंगीठी के धुएं के कारण दम घुटने से एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित छह लोगों की मौत हो गई। बाह्य उत्तरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में हुई घटना में मारे गए चार लोगों में दो बच्चे भी शामिल हैं। अलीपुर की घटना में मारे गए लोगों की पहचान राकेश (40), उनकी पत्नी ललिता (38), उनके दो बेटों पीयूष (आठ) और सनी (सात) के रूप में हुई है। अलीपुर थाने को रविवार सुबह करीब सात बजे फोन पर सूचना मिली कि दिल्ली के खेड़ा कलां गांव में एक व्यक्ति बेहोश पड़ा है। एक अन्य घटना पश्चिम दिल्ली के इंद्रपुरी इलाके में हुई जहां कथित तौर पर अंगीठी जलाने के कारण दम घुटने से नेपाल के दो लोगों की मौत हो गई।

### मोदी ने गायों को खिलाया चारा...




**नई दिल्ली।** मकर संक्रांति के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर गायों को चारा खिलाया। यह पहला मौका नहीं कि जब पीएम मोदी का गौ प्रेम सबके सामने आया हो। इससे पहले पिछले साल वारंगल शहर में भद्रकाली मंदिर में गौ सेवा करते हुए पीएम मोदी को देखा गया था।

## धरती हिली, बिलासपुर में भूकंप की तीव्रता 3.1

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

अंचल में रविवार दोपहर 2:18 मिनट पर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.1 रही। इसकी जानकारी राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की ओर से दी गई। भूकंप से कहीं कोई नुकसान नहीं हुआ। अमरकंटक क्षेत्र के इलाके में लोगों ने भूकंप का झटका महसूस किया। इसका केंद्र बिलासपुर से 122 किमी उत्तर-पूर्व सोन नदी के आसपास रहा। दोपहर 12:55 से 1 बजे के बीच गौरेला-पेंड्रा मरवाही सहित अमरकंटक और मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले की सीमा के गांवों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। मौसम विभाग के प्रभारी निदेशक डॉ.एचपी ▶▶ शेष पेज 6 पर



### 19 दिन पहले अंबिकापुर में महसूस हुए थे झटके

19 दिन पहले 26 दिसंबर को दोपहर 2:50 बजे अंबिकापुर में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.3 नापी गई थी। इसका केंद्र 132 किलोमीटर दूर मध्यप्रदेश के सिंगरौली में था। हालांकि 3.3 की तीव्रता अधिक नहीं मानी जाती है। जुलाई 2022 से सरगुजा संभाग में 6 बार भूकंप आया था। साल 2024 का ये पहला भूकंप माना जा रहा है।

### माइनर कैटेगरी के भूकंप महसूस नहीं होते

मौसम वैज्ञानिक डॉ.एचपी चंद्रा ने बताया कि रिक्टर स्केल पर 2.0 से 2.9 तीव्रता वाले भूकंप को माइनर कैटेगरी में रखा जाता है। ऐसे 1000 भूकंप रोजाना आते हैं, इसे भी सामान्य तौर पर हम महसूस नहीं करते। वेरी लाइट कैटेगरी के भूकंप 3.0 से 3.9 तीव्रता वाले होते हैं, जो एक साल में 49000 बार दर्ज किए जाते हैं। इन्हें महसूस तो किया जाता है लेकिन शायद ही इससे कोई नुकसान पहुंचता है। लाइट कैटेगरी के भूकंप 4.0 से 4.9 तीव्रता वाले होते हैं जो पूरी दुनिया में एक साल में करीब 6200 बार रिक्टर स्केल पर दर्ज किए जाते हैं। इन झटकों को महसूस किया जाता है और इनसे घर के सामान हिलते नजर आते हैं। हालांकि इनसे न के बराबर ही नुकसान होता है।

### पेड़ से टकराई बस, 3 की मौत

**मनेन्द्रगढ़।** अमरकंटक से तीर्थयात्रा कर लौट रही यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर जनकपुर मनेंद्रगढ़ तिराहे में पेड़ से टकरा गई। घटना में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई है। घटना में लगभग 15 यात्री घायल हो गए हैं। कलेक्टर एमसीबी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी को घटना की जानकारी मिलते ही जनकपुर में चिकित्सा व्यवस्था पर नजर रखे हुए हैं। सभी तरफ से चिकित्सा टीम भेजी जा रही है। जनकपुर के तीर्थ यात्री अमरकंटक तीर्थ करने गए थे वापसी में यह घटना हुई है। मनेंद्रगढ़ जिले के जनकपुर से एक बड़ी खबर सामने आई है। जहां अनियंत्रित होकर एक बस पेड़ से जा टकराई। इस भयानक हादसे में तीन मुसाफिरों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इस घटना में बस के परखच्चे उड़ गए हैं। बस चालक की अब तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस को इस घटना की तुरंत सूचना दी गई।

## लोक सेवा आयोग ने 781 कैंडिडेट्स पर लगाया बैन, सर्वाधिक मुन्नाभाई यूपी-बिहार में, छग में शून्य

- छग पीएससी की परीक्षा में शामिल कोई भी कैंडिडेट्स प्रतिबंधित नहीं
- इस वर्ष के लिए जारी सूची में सर्वाधिक मामले यूपी-बिहार व राजस्थान के

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

यूपीएससी सहित विभिन्न राज्यों के लोक सेवा आयोग ने उन कैंडिडेट्स की सूची जारी कर दी है, जिन्हें विभिन्न कारणों से आगामी परीक्षाओं में बैठने के लिए प्रतिबंधित किया गया है। 2023 के अंत में यह सूची तैयार की गई है, ताकि 2024 की परीक्षाओं में इसे लागू किया जा सके। यूपीएससी सहित विभिन्न राज्यों के लोक सेवा आयोग ने 781 कैंडिडेट्स को डिबार किया है। उनके द्वारा किए गए अपराध के आधार पर उनकी सजा तय की गई है। किसी को मात्र 3 माह के लिए प्रतिबंधित किया गया है तो किसी पर आजीवन प्रतिबंध लगा है। जिन प्रतिबंध लगाया गया है, वे कैंडिडेट्स ना केवल अपने राज्य बल्कि अन्य राज्यों के लोक सेवा आयोग और यूपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा में भी शामिल नहीं हो सकेंगे। मजेदार बात यह है कि इस सूची में छग लोक सेवा आयोग की परीक्षा में शामिल एक भी कैंडिडेट शामिल नहीं है। अर्थात छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में शामिल होने वाले किसी भी अभ्यर्थी ने ऐसा कोई जघन्य कार्य नहीं किया है, ▶▶ शेष पेज 6 पर

### 5-10 साल के अलावा आजीवन बैन भी लगाया

उत्तरप्रदेश और बिहार लोक सेवा आयोग ने जिन कैंडिडेट्स को प्रतिबंधित किया है, उनमें से अधिकतर मामलों में अभ्यर्थी द्वारा अपने स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को परीक्षा देने के लिए बैठाया गया था। इस तरह के मामलों में 5 साल तक का प्रतिबंध कैंडिडेट्स पर लगाया गया है। वहीं यूपीएससी ने जिन्हें डिबार किया है, उनमें से अधिकतर ने अपने संदर्भ में गलत जानकारी दी थी। ज्यादातर मामलों में संघ लोक सेवा आयोग ने 10 सालों के लिए बैन लगाया गया है। इसके अलावा फेक सर्टिफिकेट सब्मिट करने के मामले भी आए हैं, जिन पर आजीवन प्रतिबंध लगा है।



चिंतन

# डब्ल्यूईएफ से वैश्विक अर्थव्यवस्था को उम्मीदें

आज जब विश्व कई आर्थिक संकटों का सामना कर रहा है, पिछले एक दशक से वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार सुस्त बनी हुई है, कई बार सरकारें भुगतान संकट में फंस चुकी हैं, रूस व यूक्रेन जंग, हमास व इजराइल संघर्ष, पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई आदि के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था पर आसन्न संकट बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में सोमवार से दावोस में शुरू हो रहे विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक पर विश्व की निगाहें टिकी हुई हैं। रविवार को कई देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) ने यूक्रेन शांति सूत्र पर चर्चा के लिए एक बैठक की। भारत और कई अन्य देश यूक्रेन में शांति बहाली पर जोर दे रहे हैं। पहली बार दुनियाभर के 90 राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक का गवाह दावोस बना है। स्विट्जरलैंड के खूबसूरत शहर दावोस में शुक्रवार तक चलने वाली बैठकों में सैकड़ों देशों के 2,800 से अधिक नेता विश्व के तमाम मुद्दों पर चर्चा करेंगे। गाजा से लेकर यूक्रेन में संघर्ष, अंटार्कटिका या अमेजन में जलवायु परिवर्तन के खतरे, एआई के उत्पन्न डीपफेक समस्या और चुनाव को इससे खतरे, उभरते बाजारों से लेकर विकसित दुनिया तक में आर्थिक संकट तक डब्ल्यूईएफ में चर्चा का विषय होंगे। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक का दायरा इस साल बड़ा है। डब्ल्यूईएफ के साथ दावोस का वार्षिक संबंध 1971 में शुरू हुआ जब मंच को यूरोपीय प्रबंधन मंच के रूप में जाना जाता था। उस वर्ष, डब्ल्यूईएफ के संस्थापक क्लॉस श्वाब ने यूरोपीय आयोग के संरक्षण में दावोस कांग्रेस सेंटर में एक बैठक के लिए 400 से अधिक यूरोपीय व्यापारिक हस्तियों को आमंत्रित किया था। इस 54वीं विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में 60 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष तथा शासनाध्यक्ष शामिल होंगे। भारत की ओर से तीन केंद्रीय मंत्री, तीन मुख्यमंत्री, उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगी और 100 से अधिक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) इसमें शिरकत करेंगे। विश्व आर्थिक मंच पांच दशक से अधिक समय से दावोस में इस बैठक की मेजबानी कर रहा है। कई मौकों पर यहां प्रमुख चिंताओं के लिए सकारात्मक परिणाम निकाले गए हैं। मंच खुद को दुनिया की स्थिति में सुधार के लिए प्रतिबद्ध सार्वजनिक-निजी सहयोग के लिए एक अंतरराष्ट्रीय संगठन के रूप में पेश करता है। बैठक से पहले ऑनलाइन आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में डब्ल्यूईएफ के अध्यक्ष बोर्गे ब्रेंडे ने कहा कि यह बैठक बेहद जटिल और सबसे चुनौतीपूर्ण भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक परिदृश्य में होगी। इस साल वार्षिक बैठक का विषय 'रीबिल्डिंग ट्रस्ट' (फिर से भरोसा कायम करना) है। इस समय दुनिया गंभीर रूप से भरोसे के संकट से गुजर रही है। अमेरिका, चीन, रूस, ईरान समेत कई देश हैं जो अपने अपने हित के लिए ग्लोबल गोलबंदी में फंसे पड़े हैं। डब्ल्यूईएफ का कहना है कि बैठक आर्थिक वृद्धि, जलवायु तथा प्रकृति कार्रवाई, ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी प्रशासन और मानव विकास सहित वैश्विक अनिवार्यताओं पर बातचीत, सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देगी। अगर डब्ल्यूईएफ की बैठकों से विश्व में चल रहे आर्थिक संकटों का हल निकालने की दिशा में कुछ भी ठोस कार्ययोजना तैयार हो सकी तो यह बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी। इस वक्त खाद्यान्न संकट, ऊर्जा संकट, ईंधन आपूर्ति, हरित विकास आदि प्रमुख ग्लोबल आर्थिक समस्या बने हुए हैं।

नया शोध
बाल मुकुन्द ओझा



# बोतलबंद पानी सेहत के लिए अत्यंत जहरीला

आजकल बोतल का पानी पीने का रिवाज व्यापक रूप से प्रचलन में है। घर हो या बाहर हर जगह बोतल का पानी सर्व सुलभ है। इस पर हुए अनेक शोध में बोतलबंद पानी को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया गया है। हाल ही में इसे लेकर हुए एक नए शोध में कई हैरान करने वाले खुलासे हुए। अमेरिका में हुए नए अध्ययन में सामने आया है कि दुकानों में बिकने वाले बोतलबंद पानी में लाखों छोटे-छोटे प्लास्टिक के कण होते हैं, जो शरीर की कोशिकाओं को प्रभावित कर सकते हैं। शोध में स्पष्ट रूप से इस पानी को जहरीला बताया। रिपोर्ट में बताया गया है पानी की बोतल में मिलियन की संख्या में छोटे प्लास्टिक के टुकड़े होते हैं जो शरीर के विभिन्न अंगों को हानि पहुंचा सकते हैं। वैज्ञानिकों ने पहली बार दोहरे लेजर का उपयोग करके माइक्रोस्कोप द्वारा पता लगाया है कि बोतलबंद पानी के औसत लीटर में दो मिलियन से अधिक छोटे नैनोप्लास्टिक के अदृश्य टुकड़े होते हैं। कोलंबिया एंड रटगर्स यूनिवर्सिटीज के शोधकर्ताओं पता लगाया है कि तीन कॉमन बोतलबंद वाटर ब्रांड के प्रत्येक के पांच नमूनों को देखते हुए पाया एक लीटर पानी में 110,000 से 400,000 प्लास्टिक के टुकड़े थे, जो औसतन लगभग 240,000 हैं। ऐसे कण हैं जिनका आकार एक माइक्रोन से भी कम है। एक इंच में 25,400 माइक्रोन होते हैं - जिन्हें माइक्रोमीटर भी कहा जाता है क्योंकि यह एक मीटर का दस लाखवां हिस्सा होता है। एक इंसान का बाल लगभग 83 माइक्रोन चौड़ा होता है।

अध्ययनों में थोड़े बड़े माइक्रोप्लास्टिक्स पाए गए थे जिनकी रेंज 5 मिलीमीटर से लेकर एक चौथाई इंच से भी कम, एक माइक्रोन तक है। अध्ययन में पाया गया कि बोतलबंद पानी में माइक्रोप्लास्टिक की तुलना में लगभग 10 से 100 गुना अधिक नैनोप्लास्टिक पाए गए। आज घर घर में प्लास्टिक ने अपना कब्ज़ा जमा लिया है। एक मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार प्लास्टिक की बोलत में पानी पीने से डायबिटीज सहित शरीर के विभिन्न अंगों में स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या भी हो सकती है। ये बोलतें बाइफिनाइल एक एस्ट्रोजन-मिमिकिंग केमिकल होता है, जो डायबिटीज, मोटापा, प्रजनन संबंधी समस्याएं, व्यवहार संबंधी समस्याएं और लड़कियों में जल्दी प्यूबर्टी का कारण बनता है। बताया जाता है प्लास्टिक से होने वाली हानि से सुरक्षित रहने के लिए प्लास्टिक की बोतल के बजाय तांबे, कांच या स्टेनलेस स्टील की बोतल से पानी पीना अधिक सुरक्षित है।

पीने के पानी से लेकर खाने की प्लेट तक प्लास्टिक हमारी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन गया है। प्लास्टिक सस्ता और आसानी से उपलब्ध होने वाला विकल्प है। इसलिए हमारी रोजमर्रा की चीजें या तो प्लास्टिक से बनी होती हैं या उनके निर्माण में प्लास्टिक की भूमिका होती है। केन्द्रीय पर्यावरण नियन्त्रण बोर्ड के एक अध्ययन के मुताबिक एक व्यक्ति एक साल में 6 से 7 किलो प्लास्टिक कचरा बिखेरता है। इस प्लास्टिक कचरे से नालियां बंद हो जाती है, धरती की उर्वरा शक्ति खत्म हो जाती है, भूगर्भ का जल अपेय बन जाता है, रंगीन से कैंसर जैसे असाध्य रोग हो जाते हैं। आज वैश्विक स्तर पर प्रतिव्यक्ति प्लास्टिक का उपयोग जहां 18 किलोग्राम है वहीं इसका रिसायक्लिंग मात्र 15.2 प्रतिशत ही है। प्लास्टिक प्रदूषण मानव जीवन के समक्ष एक बड़े खतरे के रूप में उभरा है।

देश और दुनिया में शायद ही कोई ऐसा घर, ऑफिस या कोई जगह हो जहां प्लास्टिक का उपयोग ना होता हो। यह सही है की प्लास्टिक के उपयोग ने मनुष्य के जीवन को बहुत सरल बना दिया है। लेकिन इसका व्यापक स्तर पर उपयोग होने की वजह से यह अब धरती पर रहने वाले प्रत्येक जीव के लिए खतरा बनता जा रहा है। भारत में प्रत्येक दिन 9205 टन प्लास्टिक का कचरा जमा होता है और इसे रिसाइकल किया जाता है. इसके साथ ही करीब 6100 टन ऐसा प्लास्टिक कचरा होता है, जो धरती पर स्थित नदी, नालों और पर्वतों पर ही पड़ा रहता है। एक रिपोर्ट के अनुसार अकेला भारत देश हर वर्ष 56 लाख टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न करता है। रिपोर्ट के मुताबिक प्लास्टिक का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होने के कारण इसका निपटारा करना दुनिया के लिए एक गंभीर चुनौती है। प्लास्टिक का नष्ट होना 500 से 700 साल बाद शुरू होता है और प्लास्टिक को पूरी तरह से नष्ट होने में 1000 साल का समय लगता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हमारी सेना हर मुकाबले को तैयार



सेना दिवस
डॉ. एल.एस. यादव

चीन व पाकिस्तान की सीमा पर बेहतर निगरानी के लिए जल्द ही नया सैटेलाइट बनाया जाएगा। चीन व पाक से किसी भी स्थिति में निपटने के लिए भारतीय सेना ने जम्मू कश्मीर की उत्तरी व पश्चिम सीमा पर स्वदेश निर्मित हाईटेक ड्रोन की तैनाती कर रखी है। लद्दाख क्षेत्र में सीमा पर टैंक व सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की तैनाती कर दी गई है। सीमा पर सड़कों के जाल बिछाया गया है। सैन्य ताकत के रूप में भारतीय थल सेना में इस समय 14 लाख सक्रिय सैनिक हैं। इसके अलावा 3565 युद्धक टैंक, लड़ाई में प्रयोग आने वाले वाहन 3100, आर्म्ड पर्सनल कैरियर्स 336 तथा आर्टिलरी गन 9729 हैं। इसके अतिरिक्त सेना के पास परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अनेक प्रकार की मिसाइलें हैं।

सेना दिवस स्वतन्त्र भारत के इतिहास का वह स्वर्णिम अवसर है जब 15 जनवरी 1949 को सेना प्रमुख के तौर पर एक भारतीय नागरिक लेफ्टिनेंट जनरल के.एम.करियप्पा को तत्कालीन ब्रिटिश कमान्डर-इन-चीफ जनरल सर फ्रांसिस बूचर से सेना की आधिकारिक कमान सौंप दी गई थी। इसके अगले वर्ष 1950 से 15 जनवरी को देश में सेना दिवस मनाए जाने की परम्परा की शुरूआत हुई। तब से सेना ने देश को सही मायने में अखण्ड भारत बनाए रखने में शीर्ष योगदान दिया है। यही नहीं तबसे भारतीय सेना की ताकत में भी लगातार इजाफा हुआ है।

चीन की सीमा पर उसके साथ पिछले वर्ष जो तनाव शुरू हुआ था वह अभी तक समाप्त नहीं हुआ है। अब चीन सीमा के नजदीक सेना पूरे वर्ष मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहेगी, क्योंकि रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण सेला टनल के तैयार हो जाने से भारतीय सेना के जवानों की पहुंच हर मौसम में चीन सीमा तक बनी रहेगी। यह टनल चीन सीमा तक पहुंचने के लिए प्राकृतिक रास्ते सेला दर्रे से 4200 मीटर नीचे खुदाई करके बनाई गई है। सेला दर्रा जहां साल के अधिक दिनों बर्फ से ढके रहने के कारण बंद रहता है वहीं सेला टनल पूरे वर्ष आवागमन के लिए खुली रहेगी। इस टनल की मदद से भारतीय सेना आसानी से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों एवं हथियारों की तैनाती कर सकेगी। यह टनल चीन के सीमावर्ती इलाके से अरुणाचल प्रदेश और देश के बाकी हिस्से को पूरे वर्ष जोड़े रखेगी। इस सुरंग का शिलान्यास 1 अप्रैल 2019 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। योजना के मुताबिक इसे तीन वर्षों में पूरा किया जाना था, परन्तु कोविड के कारण इसे समय पर पूरा नहीं किया जा सका। अब इसका काम पूरा होने वाला है और जनवरी 2024 में प्रधानमंत्री कभी भी इसे देश को समर्पित कर सकते हैं।

चीन ने पैंगांग झील के उत्तरी हिस्से में अपनी सेनाएं तैनात कर रखी हैं, जिससे यह स्पष्ट है कि इस इलाके में उसकी मंशा पीछे हटने की नहीं है। ऐसे में भारतीय सेना अपने नियंत्रण वाले उंचाइयों के स्थानों को छोड़ने के पक्ष में बिल्कुल नहीं है। चीन सीमा पर भयंकर सर्दी पड़ने के कारण मौसम खराब रहता है इसके बावजूद सेना ने वहां पर जमे रहने की अपनी पूरी तैयारी कर रखी है। ऐसे में चीन सीमा पर बराबर लम्बे समय तक डटे रहने और सर्दी से बचने के उपायों की तैयारी पूरी कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि दोनों देशों की सेनाओं के कमांडरों के बीच कई दौर की वार्ता के बेनतीजा रही है। ऐसे में एलएसी पर तैनाती बनाए रखना आवश्यक है क्योंकि चीन ने अरुणाचल प्रदेश से लद्दाख तक, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखण्ड से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा तक अपनी सैन्य तैयारी बढ़ा रखी है।

चालू वर्ष में भारतीय सेना हल्की बुलेटप्रूफ जैकेट से लैस हो जाएगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की मांग पर दुनिया की पहली बीआईएस लेबल 5 एवं बीआईएस लेबल 6 की सबसे हल्की एवं मजबूत मेड इन इंडिया अभेद्य दो तरह की बुलेटप्रूफ



जैकेट बनाने में सफलता हासिल कर ली है। इसके अनेक परीक्षणों के बाद डीआरडीओ ने इस स्वदेशी हल्की बुलेटप्रूफ जैकेट की स्वीकृति प्रदान कर दी है। बीआईएस लेबल 5 बुलेटप्रूफ जैकेट का वजन 8.2 किलोग्राम और बीआईएस लेबल 6 बुलेटप्रूफ जैकेट का वजन 9.2 किलोग्राम है जो विदेशी जैकेटों की तुलना में क्रमशः एक व ढाई किलोग्राम कम है। फिलहाल भारतीय सेना के जवान बीआईएस लेबल 5 की 10 किलोग्राम वजन वाली विदेशी जैकेटों का प्रयोग करते हैं। नई जैकेटें वजन में हल्की होने के साथ ही साइज में अधिक चौड़ी हैं और स्नाइपर गन की 6 से 8 गोलियां झेल सकती हैं।

चीन व पाकिस्तान की सीमा पर बेहतर निगरानी के लिए थल सेना की सभी कमांड केन्द्र व अन्य सेनाओं से तालमेल बनाए रखने हेतु जल्द ही नया सैटेलाइट बनाया जाएगा। इसका निर्माण इसरो द्वारा किया जाना है। इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने गत वर्ष न्यू स्पेस इंडिया से 2963 करोड़ रुपये का समझौता किया था। यह सैन्य उपग्रह तकरीबन पांच टन वजन का होगा। यह एक एडवांस्ड कम्यूनिकेशन सैटेलाइट होगा जो सेना के हर मिशन की सटीक जानकारी देगा और खुफिया संचार में भी मदद करेगा। यूं तो भारतीय सेना के पास अनेक तरह के सैन्य उपग्रह हैं, लेकिन यह नई सीरीज का आधुनिक उपग्रह होगा। यह एक प्रकार का जियोस्टेशनरी उपग्रह होगा जिससे रियल टाइम इमेजरी हो सकेगी तथा इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस के जरिए सर्विलांस करना आसान होगा। उल्लेखनीय है कि इसरो भारतीय सेना के लिए कई सैन्य उपग्रह बना चुका है। आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस की महत्ता को देखते हुए भारतीय सेना इसके प्रयोग पर फोकस कर रही है। चीन व पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों से किसी भी स्थिति में निपटने के लिए भारतीय सेना ने जम्मू कश्मीर की उत्तरी व पश्चिम सीमा पर स्वदेश निर्मित हाईटेक ड्रोन की तैनाती कर रखी है। ये पहाड़ी इलाकों में वजन ले जाने में भी सक्षम हैं। चीन सीमा पर सैन्य ऑपरेशन के दौरान गोला-बारुद की आपूर्ति, मशीनगनों और राइफलों के मेंटिनेंस पर भी सेना सजग है। इन मसलों को लेकर अक्टूबर 2023 में मध्य भारत एरिया के सैन्य मुख्यालय में 6 राज्यों के सैन्य कमांडर एवं वरिष्ठ सैन्य अधिकारी एकत्र हुए थे। इसमें मुख्य मुद्दा गोला-बारूद के स्टॉक को तत्काल सीमा तक पहुंचाने का था। इसके साथ ही सेना की भविष्य की रणनीति व सामरिक तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया।

चीन सीमा पर जारी तनाव को देखते हुए भारतीय सेना ने अपनी हवाई रक्षा क्षमता को बढ़ावा देने की दिशा में भी अपने कदम बढ़ा लिए हैं। इसके लिए सेना ने जमीन से हवा में मार करने में सक्षम मिसाइल रेजिमेंट को गठित किया है। अत्याधुनिक स्वदेशी हथियार प्रणाली से सुसज्जित यह रेजिमेंट हवाई क्षेत्र में शत्रु के किसी भी दुस्साहस का उत्तर देने तथा जमीन से हवा में मिसाइल फायर करने में सक्षम है। यह रेजीमेंट लड़ाकू विमानों, यूएवी, हेलीकॉप्टर, सुपरसोनिक मिसाइल जैसे हवाई लक्ष्यों का एक साथ सामना करने एवं हवाई सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम है। लद्दाख क्षेत्र में सीमा पर टैंक व सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की तैनाती कर दी गई है। सेना की आपूर्ति व्यवस्था में कोई परेशानी न आए, इसके लिए सीमा पर बिछाई गई सड़कों के जाल ने स्थिति को बेहतर बना दिया है। सैन्य ताकत के रूप में भारतीय थल सेना में इस समय 14 लाख सक्रिय सैनिक हैं। इसके अलावा 3565 युद्धक टैंक, लड़ाई में प्रयोग आने वाले वाहन 3100, आर्म्ड पर्सनल कैरियर्स 336 तथा आर्टिलरी गन 9729 हैं। इसके अतिरिक्त सेना के पास परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अनेक प्रकार की मिसाइलें हैं। ऐसी ताकतवर सेना किसी भी शत्रु सेना को हर क्षेत्र में पराजित करने के लिए सक्षम है।

(लेखक सैन्य विज्ञान विषय के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



संकलित
दर्शन

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्त्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है।

## अच्छे कार्य करने से गुरु शिष्य को कभी न रोकें



संकलित
प्रेरणा

दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य बताए गए हैं। भगवान शिव ने शुक्राचार्य को मृत संजीवन विद्या दी थी। इस विद्या से शुक्राचार्य मरे हुए दैत्यों को फिर से जीवित कर देते थे। जब दैत्यराज बलि का राज था। तब एक दिन भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और बलि के पास पहुंचे। बलि अपनी दानवीरता की वजह से बहुत प्रसिद्ध थे। वे किसी भी मांगने वाले को खाली हाथ नहीं जाने देते थे। राजा बलि उस समय यज्ञ कर रहे थे। बलि ने वामन देव को देखा तो वह उनके पास पहुंचा। वामन देव ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी। शुक्राचार्य वामन देव को पहचान गए थे कि ये विष्णु जी हैं। इसलिए उन्होंने बलि को दान देने से रोकना चाहा। राजा बलि ने अपने गुरु की बात नहीं मानी और वामन देव को दान देने के लिए तैयार हो गए। तब शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में सूक्ष्म रूप में बैठ गए, जिससे की पानी बाहर न आए और राजा बलि भूमि दान करने का संकल्प न ले सकें। वामन भगवान जानते थे कि शुक्राचार्य बलि के कमंडल में बैठे हैं। उन्होंने बलि के कमंडल में एक तिनका डाल दिया, जिससे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। इसके बाद शुक्राचार्य कमंडल से बाहर आ गए और बलि ने वामन देव को भूमि दान दे दी। अगर कोई गुरु अपने शिष्य को नेक काम करने से रोकता है तो उसे इसका बुरा फल भोगना पड़ता है।

## 51 फुट ऊंची मूर्ति



नई दिल्ली के गीता कॉलोनी में भगवान हनुमान की 51 फुट ऊंची मूर्ति का आधिकारिक अनावरण 22 जनवरी को, राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन, रविवार, जनवरी को पूर्वी दिल्ली के प्राचीन सिद्ध हनुमान मंदिर में किया जाएगा।

## आज की पाती

### ऑनलाइन शॉपिंग में बढ़ी मुश्किलें

आजकल देश में ऑनलाइन शॉपिंग का दौर भी पूरे जोरों पर शुरू हो चुका है, क्योंकि इससे खासतौर पर उन्हें फायदा होता है जो समय के अभाव के कारण शॉपिंग करने बाजार नहीं जा सकते। लेकिन कभी कभी यह शॉपिंग लोगों के लिए मुश्किल भी पैदा कर देती है। अक्सर यह खबर भी पढ़ने और सुनने को मिलती है कि किसी ने सामान मंगवाया कुछ होता है और संबंधित कंपनी भेज कुछ और देती है, या फिर वो सामान का बिल नहीं भेजती। कुछ ऑनलाइन कंपनियां ऐसी भी हैं जो सोशल साइट्स पर लोगों को अपने जाल में फंसाकर पुराना या घटिया सामान भी बेचती हैं। सरकार को चाहिए कि ऑनलाइन शॉपिंग में उपभोक्ताओं के हित सुरक्षित करने के लिए भी कोई कठोर कदम उठाए। सरकार को आम उपभोक्ताओं के पक्ष में कोई कानून बनाना चाहिए। – *कमल किशोर पांडे, दुर्ग*

## ट्रेंड

### समर्पण के प्रतीक सैनिक



सैनिक सीमाओं के सजग प्रहरी ही नहीं, राष्ट्र के प्रति त्याग और समर्पण के भी प्रतीक हैं। सैनिक केवल अपने परिवार के बारे में नहीं सोचता बल्कि देश और समाज को सुरक्षित रखने की सदा चिंता करता है।
**-कलराज मिश्र, राज्यपाल, राजस्थान**

### एफसीआई भ्रष्टाचारमुक्त बने



भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करे, परिचालन लागत घटाए, 'भ्रष्टाचार-मुक्त' बने। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत किसानों और गरीब लाभार्थियों का भरोसा जीते।
**-पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री**

### इतिहास दोहराएगा



'टाइगर जिंदा है' और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस) 2004 का वह इतिहास इस बार दोहराएगा, जब 'भारत उदय' अभियान के बावजूद भाजपा को पराजित किया गया था।
**-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता**

### प्रतिभा नहीं है क्या



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास क्या अपनी कोई प्रतिभा नहीं है। भाजपा के उन कार्यकर्ताओं का क्या जिन्होंने पार्टी के लिए कड़ी मेहनत की है। उनका यह बयान पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवरा के कांग्रेस छोड़ने की पृष्ठभूमि में आया है।
**-सुप्रिया सुले, राकांपा नेता**

## करंट अफेयर


### इजराइल हमास के खिलाफ जीत मिलने तक लड़ेगा



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में जारी युद्ध के 100 दिन पूरे होने के बीच कहा कि इजराइल हमास के खिलाफ जीत मिलने तक युद्ध जारी रखेगा और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) समेत कोई उसे रोक नहीं सकता। संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने दक्षिण अफ्रीका के इन आरोपों को लेकर दो दिन सुनवाई की कि इजराइल फलस्तीनियों का जनसंहार कर रहा है। इजराइल ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। नेतन्याहू ने आईसीजे में सुनवाई के बाद यह बयान दिया। दक्षिण अफ्रीका ने न्यायालय से इजराइल को यह आदेश देने का अनुरोध किया है कि वह अपने भीषण हवाई और जमीनी हमलों को अंतरिम कदम के तहत रोके। आईसीजे का मुख्यालय हेग में है। नेतन्याहू ने ईरान और उसके सहयोगी मिलिशिया का जिक्र करते हुए शनिवार शाम को टेलीविजन पर प्रसारित टिप्पणियों में कहा, 'हमें कोई नहीं रोकेगा, न हेग, न कोई और।' अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के समक्ष मामले की सुनवाई वर्षों तक चलने की संभावना है लेकिन अंतरिम कदमों पर फैसला कुछ हफ्तों के भीतर आ सकता है। न्यायालय के फैसले बाध्यकारी हैं लेकिन उन्हें लागू करना कठिन है।

## ऑफ बीट

### जिज्ञासु बच्चों का सवाल : दुनिया में कितना पैसा है?



लंदन के 10 वर्षीय सुबामे का सवाल है कि दुनिया में कितना पैसा है? अगर हम यह कहें कि दुनिया में कितना धन है तो इसकी शुरुआत लोगों की जेब, गुल्लक, अलमारी तथा नकदी मशीनों में रखे सभी नोट और सिक्कों की गिनती से करना सही होगा। चलिए पाउंड से शुरू करें। सिक्कों और नोट के रूप में करीब 84 अरब पाउंड की ब्रिटिश मुद्रा है। साथ ही 2,236 अरब डॉलर अमेरिकी मुद्रा, 1,578 अरब यूरो की यूरोपीय संघ की मुद्रा और 9,616 अरब युआन की चीनी मुद्रा के साथ ही कई अन्य मुद्रा में धन मौजूद है। चूँकि हर देश में पैसा एक जैसा नहीं होता है, दुनिया के सभी सिक्कों और नोटों को जोड़ने का मतलब है कि आपको यह मापने की ज़रूरत है कि ब्रिटिश पाउंड में एक अमेरिकी डॉलर, एक भारतीय रुपया या एक चीनी युआन का मूल्य कितना है। अगर ताजा उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार ऐसा किया जाए तो इसके जोड़ने पर कुल 6,113 अरब पाउंड बैठेगा। यह धन राशि बहुत तेजी से बदल सकती है। और हो सकता है कि जब आप इस लेख को पढ़ें तो यह पहले ही पुरानी हो जाए। इसका आंशिक कारण यह है कि देश हर समय पैसा छापते रहते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com


MARUTI SUZUKI
NEXA
AWARDS. RECORDS. INNOVATIONS.
ONE SUV RULED THEM ALL.
1st Anniversary celebrations couldn't get better for the Advanced Grand Vitara as it becomes the fastest to achieve 1 Lakh* sales in the segment. In just a year, it has won awards, broken records, and set new benchmarks.
CREATE. INSPIRE.
GRAND VITARA
INTELLIGENT ELECTRIC
HYBRID
THE ADVANCED
GRAND VITARA
RULE EVERY ROAD
PANORAMIC SUNROOF
VENTILATED SEATS
6 AIRBAGS
EV MODE
SMARTPLAY PRO+
DIGITAL MULTI-INFORMATION DISPLAY
NEXA Safety Shield
Standard Across All Variants
SUZUKI-TECT BODY
DUAL FRONT AIRBAGS
ESP
SEAT BELT PRE-TENSIONERS WITH FORCE LIMITERS
ISOFIX CHILD SEAT ANCHORAGES
PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
COMPLIANT WITH -
FULL FRONTAL IMPACT
FRONTAL OFFSET IMPACT
SIDE IMPACT
Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.
BENEFITS UP TO ₹ 35 000#
Know more about The Advanced Grand Vitara
Scan to chat on WhatsApp
BILASPUR: NEXA AUTOPARK (SATYA AUTO PVT. LTD. PH: 7089888884),
RAIGARH: NEXA KOTRA ROAD (M SQUARE MOTORS PH: 6269002140),
AMBIKAPUR: NEXA MG ROAD AMBIKAPUR (MAHAMAYA AUTOCARS PVT. LTD. PH: 7987898802),
KORBA: NEXA KORBA CENTRAL (SATYA AUTO PVT. LTD. PH: 9109134140).
Contact us at 1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA] and visit www.nexaexperience.com to book online.
Creative visualisation. For details on functioning of safety features, including air bag, kindly refer to Owner's manual. #All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Consumer offers applicable for 2023 model while stocks last. For more details regarding offers please contact your nearest NEXA dealership. T&C apply. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities.
*Claim Supported by independent research agency-JATO Dynamics Limited as on 13-September-2023.

## खबर संक्षेप

### प्रतिबंधित नशीली सिरप के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने प्रतिबंधित नशीली सिरप मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से 11 जनवरी को सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन चौक गेट नंबर-2 के पास 3 अलग-अलग दोपहिया वाहन में सवार कुछ लड़के अपने पास प्रतिबंधित नशीली सिरप रखे हुए हैं, जिसे बेचने की फिराक में हैं। इस सूचना पर पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर वाहन सवार 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 114 शीशी प्रतिबंधित नशीली कोडिलेक्स सिरप बरामद किया। इसके अलावा पुलिस ने नकद 21 हजार 660 रुपए एवं 9 नग मोबाइल तथा 3 दोपहिया वाहन जब्त किए हैं।

### कौशल्या माता मंदिर में सोनी ने किया श्रमदान

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अयोध्या में भव्य श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व भारत के सभी मंदिरों में श्रमदान किए जाने के आव्हान पर रायपुर लोकसभा अंतर्गत आरंग विधानसभा के चंदखुरी के कौशल्या माता मंदिर में रायपुर के सांसद सुनील सोनी द्वारा श्रमदान कर सफाई की शुरुआत की गई। श्री सोनी ने कहा, यहां भगवान श्री राम का ननिहाल है और 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में उत्साह है, विशेषकर छत्तीसगढ़ के सभी रामभक्तों ने आज श्री राम के ननिहाल के विभिन्न मंदिरों में अपना-अपना श्रमदान किया। इस अवसर पर आरंग विधायक खुशवंत गुरु, जिला पंचायत सदस्य ललिता वर्मा, केके वर्मा, मंडल अध्यक्ष मंदिरहसौद, वरिष्ठ भाजपा नेता शोभाराम यादव, प्रतीक बैस, उदय वर्मा, राजकुमारी वर्मा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रदेश की 56 लाख दीदियों को बनाया जाएगा लखपति, गोठान बनेंगे आर्थिक समृद्धि के केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत छत्तीसगढ़ की 56 लाख दीदियों को लखपति बनाया जाएगा। यह बात केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने शनिवार को अटल नगर, नवा रायपुर स्थित सर्किट हाऊस में राज्य के ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में कही।

इस बैठक में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, विधायक ईश्वर साहू और सुशांत शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित थे। केन्द्रीय मंत्री ने समीक्षा बैठक में कहा, देश की आर्थिक उन्नति में महिलाओं की भागीदारी 56 प्रतिशत है, जबकि छत्तीसगढ़ में 50 प्रतिशत है, इसे बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए महिलाओं को कृषि में भागीदारी बढ़ाने के साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत छोटे-छोटे उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

बैंकों के माध्यम से महिलाओं के नए उद्यम स्थापित किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहान की दीदियों को लखपति बनाने का संकल्प लिया है। बिहान योजना के तहत 56 लाख दीदियों को लखपति बनाना हमारा संकल्प है। इसके अनुरूप पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रयास करने की आवश्यकता है।

## केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने ली ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज की समीक्षा बैठक

### तैयार की जा रही कार्ययोजना

श्री सिंह ने कहा, कि गांवों में बनाए गए गोठानों को आर्थिक समृद्धि केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया, नाबार्ड द्वारा राज्य में मॉडल गोठान बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके अंतर्गत राज्य के 4 जिलों में एक-एक गौठानों को मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए नाबार्ड द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन को 25 लाख रुपए की राशि दी जाएगी। इन मॉडल गोठानों में मुर्गी पालन, बकरी पालन, सूअर पालन के साथ ही उन्नत नस्ल के गौवंशीय पशु पाले जाएंगे। इसके अलावा कड़कनाथ जैसी देशी मुर्गियों की प्रजाति के हाइब्रीड नस्ल भी तैयार की जाएंगी।



### अमृत सरोवरों के विकास पर भी जोर

*केन्द्रीय मंत्री ने अमृत सरोवरों के व्यवस्थित विकास पर भी जोर दिया। ग्रामीण क्षेत्र में बनाए जा रहे अमृत सरोवरों को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवरों के आसपास वृक्षारोपण, पाथ-वे सहित सौंदर्यीकरण के कार्य किए जाए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों को पूर्ण करने के लिए मनरेगा की राशि का उपयोग किया जा सकता है। बैठक में प्रमुख सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास निहारिका बारिक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण विकास के सीईओ भीम सिंह, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की संचालक पद्मिनी भोई, संचालक पंचायत रोक्तिमा यादव, नाबार्ड और एसबीआई के डीजीएम सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अनवरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।*

## विधानसभा चुनाव के दौरान जिले में अधिग्रहित की गई थी 7 सौ से ज्यादा प्राइवेट गाड़ियां

# विस चुनाव में पेट्रोल-डीजल पर 50 लाख रुपए से ज्यादा खर्च, गाड़ियों का किराया 30 लाख के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

देश के किसी राज्य में विधानसभा चुनाव कराना हो या फिर किसी जिले में एक विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव कराना हो, इसे कराने में करोड़ों रुपए खर्च होते हैं। इन खर्चों में अधिग्रहित की गई गाड़ियों के साथ पेट्रोल-डीजल का खर्च शामिल होता है। यह खर्च भी लाखों-करोड़ों में होता है। रायपुर जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में हुए चुनाव की बात करें, तो इसमें अधिग्रहित गाड़ियों का किराया के साथ चुनाव ड्यूटी में लगी प्राइवेट-सरकारी गाड़ियों में पेट्रोल-डीजल भरवाने में लगभग एक करोड़ की राशि खर्च की गई है। हालांकि यह राशि अनुमानित है, क्योंकि खर्च की गई कुल राशि की आधी रिपोर्ट ही संबंधित विभागों से प्रशासन को मिल पाई है, वहीं शेष राशि की रिपोर्ट अब तक नहीं मिल पाई है। इस कारण प्रशासन भी चुनाव में गाड़ियों का किराया एवं पेट्रोल-डीजल में खर्च का ब्योरा छत्तीसगढ़ निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को भेज नहीं पाया है।




### 7 सौ से ज्यादा गाड़ियों का अधिग्रहण

रायपुर जिले में विधानसभा चुनाव के दौरान 7 सौ से ज्यादा गाड़ियों का अधिग्रहण किया गया था। इसमें 500 छोटी-बड़ी बसें एवं लगभग 234 चारपहिया गाड़ियां शामिल हैं। इन गाड़ियों का किराया के रूप में प्रशासन ने 24, 48, 72 घंटे के हिसाब से अलग-अलग किराया तय किया था। इन सभी गाड़ियों को चुनाव ड्यूटी में लगाया गया था। बसों का उपयोग निर्धारित कुछ दिनों के लिए किया गया, लेकिन चारपहिया गाड़ियों का उपयोग कई दिनों तक किया गया। निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने गाड़ियों के किराए पर खर्च के लिए प्रशासन को 28 लाख रुपए की राशि की मंजूरी दी थी।

### पेट्रोल-डीजल पर 45 लाख खर्च, 15 पंपों की अब तक रिपोर्ट नहीं मिली

चुनाव के दौरान जिलेभर में 45 पेट्रोल पंपों को चुनाव ड्यूटी में लगी गाड़ियों को पेट्रोल-डीजल भराने के लिए अधिकृत किया गया था। इनमें से 30 पंपों की रिपोर्ट खाद्य विभाग ने प्रशासन को सौंप दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 45 लाख रुपए का पेट्रोल-डीजल भराया गया था, जबकि शेष 15 पंपों की रिपोर्ट अब तक विभाग तैयार नहीं कर पाया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि शेष पंपों में भी लगभग 15 से 20 लाख रुपए का पेट्रोल-डीजल गाड़ियों में भराया गया होगा। अधिकारियों के अनुसार पेट्रोल-डीजल के खर्च के लिए निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने 28 लाख रुपए की स्वीकृति दी हुई है, जबकि अब तक डेढ़ गुना खर्च हो चुका है। ऐसे में शेष पंपों की रिपोर्ट आने के बाद खर्च की राशि दोगुनी हो जाएगी।

### सीईओ को भेजी जाएगी रिपोर्ट, अनुमति के बाद किया जाएगा भुगतान

विधानसभा चुनाव में गाड़ियों का किराया और पेट्रोल-डीजल के खर्च के लिए सीईओ ने राशि का पैमाना तय किया था, लेकिन उससे ज्यादा की राशि खर्च हुई है। इसकी रिपोर्ट तैयार कर सीईओ कार्यालय भेजी जाएगी। अनुमति मिलने के बाद ही राशि का भुगतान किया जाएगा।

- गजेंद्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर

## डेढ़ सौ साल का हुआ भारत मौसम विज्ञान विभाग, आज प्रदर्शनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत मौसम विज्ञान विभाग 15 जनवरी को अपना 150वां स्थापना दिवस मनाएगा। इस अवसर लालपुर स्थित मौसम वेधशाला में उपकरणों की प्रदर्शनी लगाने के साथ लोगों की जिज्ञासाओं को शांत किया जाएगा। डेढ़ सौ साल पूरे होने पर भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा सालभर विभिन्न तरह की संगोष्ठी, कार्यशाला सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

भारत मौसम विज्ञान केंद्र लालपुर के मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक भारत मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना 15 जनवरी 1875 को हुई थी। इसका मुख्यालय कोलकाता में था, जिसे 1905 में शिमला, 1928 में पुणे और फिर 1944 में दिल्ली स्थानांतरित किया गया था। 150वें स्थापना दिवस के अवसर पर देशभर के सभी कार्यालय भवन में रोशनी की जाएगी।

इसके अलावा सालभर संगोष्ठी, कार्यशाला आदि कार्यक्रम किए जाएंगे। इसी तारतम्य में रायपुर के लालपुर स्थित मौसम विज्ञान केंद्र में सोमवार 15 जनवरी को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक आम जनता के लिए कार्यालय में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों का प्रदर्शन किया जाएगा। विशेष लोगों के कौतूहल और मौसम संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान करेंगे।




अयोध्या। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी माह 22 जनवरी को राम लला का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित है। इसमें शामिल होने के लिए करीब 7 हजार विशिष्ट अतिथियों को निमंत्रण दिया गया है। उनके भोजन-जलपान के लिए भी विशेष तैयारी की जा रही है। अयोध्या में विभिन्न राज्यों से आये श्रद्धालुओं के लिए भंडारा और ओपन फूड कोर्ट से 50 स्वादिष्ट व्यंजन परोसे जाएंगे।

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान राम भक्तों को परोसे जाएंगे स्वादिष्ट व्यंजन



# राजस्थानी दाल बाटी चूरमा, बंगाली रसगुल्ला, मद्रासी डोसा

### भंडारा और ओपन फूड कोर्ट से परोसे जाएंगे 50 स्वादिष्ट व्यंजन

**परोसे जाएंगे ये स्वादिष्ट व्यंजन**

मंदिर ट्रस्ट से जुड़े सूत्रों ने बताया कि श्रद्धालुओं को अयोध्या में लिट्टी चोखा, राजस्थानी दाल बाटी चूरमा, पंजाबी तड़का, दक्षिण भारतीय मसाला डोसा, इडली, बंगाली रसगुल्ला जैसी चीजे परोसी जायेंगी। इसके अलावा यूपी, पंजाब, राजस्थान, दक्षिण भारत, बंगाल और महाराष्ट्र जैसे अलग-अलग राज्यों के लिए अलग-अलग फूड कोर्ट बनाए जा रहे हैं। इन फ़ूड कोर्ट्स में मेहमानों और श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग राज्यों के लोगों की ओर से व्यवस्था की गई है। भंडारे में विशेष फल और कुट्टू की रोटी और साबूदाना खीर भी परोसी जायेगी। इस खास मौके पर दिल्ली से एक विशेष मशीन लाई गई है जो एक बार में 10 हजार इडली परोसेगी।



### ग्वालियर में 500 से ज्यादा रिकवेस्ट

### प्राण प्रतिष्ठा के दिन संतान को जन्म देने की मची होड़

अयोध्या में 22 जनवरी को श्री रामलला विराजेंगे और राम मंदिर का उद्घाटन होगा। इस दिन जहां पूरे देश में दीप महोत्सव होगा। वहीं जो महिलाएं गर्भवती हैं, वह इसी दिन प्रसव के लिए डॉक्टर से तारीख ले रही हैं। देश के कई स्थानों से ऐसी खबरे हैं। ग्वालियर की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दिशा गुप्ता ने बताया है कि 22 जनवरी को डिलीवरी के लिए ज्यादातर महिलाएं संपर्क कर रही हैं। ऐसी संख्या लगभग 500 से अधिक है। लेकिन 22 जनवरी को इतनी डिलीवरी करना संभव नहीं है। यही कारण है कि इस दिन जो गर्भवती महिलाएं समय निर्धारण के अनुरूप फिट होंगी। उनकी ही डिलीवरी की जाएगी।

**इस दिन बन रहा विशेष महायोग**

ज्योतिषियों का मानना है कि इस दिन विशेष महायोग बन रहा है। इस दिन जो संतान जन्म लेगी वह पराक्रमी और भाग्यशाली होगी। ऐसा जातक अपने भाग्य को संभालने वाला होगा। सोमवार के दिन मृग, नक्षत्र, अभिजीत मुहूर्त के साथ-साथ सर्वार्थ सिद्ध योग, अमृत योग की निष्पत्ति हो रही है।

---

**आतंकी गफूर समेत 114 दोषियों का मामला**

## माफी याचिका के फैसले में देरी पर दिल्ली सरकार को फटकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने देश के खिलाफ जंग की साजिश में उम्रकैद की सजा काट रहे जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी गफूर समेत 114 दोषियों की माफी याचिका पर निर्णय लेने में देरी पर दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने 14 वर्ष से अधिक सजा काट चुके उम्रकैद के दोषियों की माफी याचिका यंत्रवत खारिज करने के लिए राज्यों की आलोचना की। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी ने कोर्ट को बताया कि गफूर समेत 114 दोषियों की समयपूर्व रिहाई पर विचार के लिए 21 दिसंबर को सजा समीक्षा बोर्ड की बैठक हुई थी। इसके मिनट्स का मसौदा उपराज्यपाल को देने के लिए दिल्ली सरकार के गृह विभाग को भेजा गया है।

**सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को दिए निर्देश**

## हिट एंड रन पीड़ितों का बढ़ेगा मुआवजा!

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह हिट एंड रन मामलों में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को और गंभीर रूप से घायलों को दिए जाने वाले मुआवजे की राशि को बढ़ाने पर विचार करे।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को इस फैसले पर विचार के लिए आठ हफ्तों का समय दिया है और 22 अप्रैल को अगली सुनवाई पर जानकारी देने का निर्देश दिया है। मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के अनुसार, अगर किसी व्यक्ति को कोई वाहन टक्कर मारकर फरार हो जाता है और इस हादसे में पीड़ित की मौत हो जाती है तो उसे अधिकतम दो लाख रुपये का मुआवजा मिलता है। वहीं गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद मिलती है। सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को भी हिट एंड रन के पीड़ितों के परिजनों को कानून के तहत मुआवजा योजना की जानकारी देने को भी कहा है। जस्टिए एएस ओका और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा हर साल हिट एंड रन के मामलों के आंकड़ों की जानकारी दी जाती है। इनसे पता चलता है कि साल दर साल हिट एंड रन के मामलों में तेजी आ रही है। बीते साल सड़क परिवहन मंत्री ने लोकसभा में भी इसकी जानकारी दी थी।

**बेहद कम संख्या में लोगों को मिला कानून का फायदा**

आंकड़ों के अनुसार, साल 2016 में हिट एंड रन के मामले 55,942 थे। 2017 में 65,186 और 2018 में 69,621 हो गए। वहीं 2019 में भी ये मामले 69,621 रहे। बीते पांच सालों में हिट एंड रन से 660 लोगों की मौत हुई है और 113 लोग घायल हुए हैं, जिनमें कुल एक करोड़ 84 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया है।

---

**चीनपरस्त राष्ट्रपति मुइज्जू ने फिर दिखाए तेवर**

# 15 मार्च से पहले मालदीव से अपने सैनिक हटाए भारत

*मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने एक बार फिर तेवर दिखाए हैं। चीन से लौटते ही मुइज्जू ने कह दिया है कि भारत 15 मार्च से पहले मालदीव से अपने सैनिकों को हटा लें। इससे पहले उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा था कि हमें बुली करने का लाइसेंस किसी के पास नहीं है। बीते कई सालों से मालदीव में भारत की सेना की एक छोटी टुकड़ी वहां तैनात है। मालदीव की पिछली सरकार के आग्रह पर भारत सरकार ने अपने सैनिकों को वहां तैनात किया था। समुद्री सुरक्षा और आपदा राहत कार्यों में मदद के लिए भारतीय सेना की एक टुकड़ी को मालदीव में तैनात किया गया है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले साल नवंबर में मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया था कि उनके देश को उम्मीद है कि भारत लोगों की लोकतांत्रिक इच्छा का सम्मान करेगा। मुइज्जू शनिवार को चीन की पांच दिवसीय यात्रा से स्वदेश लौटे थे। उन्होंने मालदीव पहुंचते ही कह दिया था कि हमारा देश भले ही छोटा है लेकिन हमें बुली करने का लाइसेंस किसी के पास नहीं है।

हालांकि, मुइज्जू ने प्रत्यक्ष तौर पर किसी का नाम लेकर ये बयान नहीं दिया है। लेकिन माना जा रहा है कि उनका निशाना भारत की तरफ है। चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू ने पांच दिन के अपने चीन दौरे के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी। उनका ये दौरा ऐसे समय पर हुआ था, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मालदीव सरकार के तीन मंत्रियों को सस्पेंड किया गया। इस मामले को लेकर भारत और मालदीव दोनों देशों में राजनयिक विवाद बढ़ा हुआ है।

- 2013 से भारतीय सेना की एक टुकड़ी है तैनात
- एक दिन पहले भी साधा था भारत पर निशाना



**तनाव में रिश्ते**

प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे के बाद मालदीव की सरकार के तीन मंत्रियों ने पीएम मोदी के इस दौरे की कुछ तस्वीरों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद से ही दोनों देशों के बीच राजनयिक विवाद गहराया हुआ है। मामले पर विवाद बढ़ने के बाद इन तीनों मंत्रियों को सस्पेंड कर दिया गया था।

**भारतीय सैनिकों को लेकर विवाद**

मालदीव रणनीतिक रूप से भारत और चीन दोनों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। यहां 2013 से ही लामू और अड्डू द्वीप पर भारतीय सैनिक तैनात हैं। भारतीय नौसैनिक भी मालदीव में तैनात हैं। इंडियन नेवी ने वहां 10 कोस्टल सर्विलांस रडार इंस्टॉल कर रखे हैं। पद संभालने पर मुइज्जू ने घोषणा की थी कि उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी हिंद महासागर द्वीपसमूह में विदेशी सैन्य उपस्थिति को खत्म करना है। मुइज्जू ने पिछले साल मालदीव के राष्ट्रपति बनने पर औपचारिक रूप से भारत से अनुरोध किया था कि वह मालदीव से अपनी सैना हटाएं। उन्होंने जोर देकर कहा था कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि उनका देश अपनी स्वतंत्रता और संप्रभुता को बनाए रखने के लिए किसी भी 'विदेशी सैन्य उपस्थिति' से मुक्त हों।

**विवादों में मुइज्जू का चीन दौरा**

मुइज्जू का यह चीन का पहला राजकीय दौरा था। यह दौरा ऐसे समय पर हुआ, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप के दौरे की उनकी तस्वीरों को लेकर मालदीव के तीन मंत्रियों ने सोशल मीडिया पर कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर इस मामले ने तूल पकड़ लिया। इस मामले के तूल पकड़ने पर मालदीव सरकार ने तीनों आरोपी मंत्रियों को सस्पेंड कर दिया था। बाद में भारत में मालदीव के राजूदत को विदेश मंत्रालय ने तलब किया और इस मामले पर कड़ी आपत्ति जाहिर की. इस बीच दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव बना हुआ है। मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने अपने इलेक्शन मैनिफेस्टो में करीब 75 भारतीय सैनिकों की एक छोटी टुकड़ी को हटाने का संकल्प लिया था। भारतीय सैनिकों की वापसी पर चर्चा के लिए भारत और मालदीव ने दोनों देशों ने एक कोर ग्रुप का गठन किया है।


---

**फिलिस्तीन समर्थकों का हंगामा**

## व्हाइट हाउस का किया घेराव फेंकी पानी की बोतलें और छड़ें




एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन




अमेरिका में फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने व्हाइट हाउस का घेराव किया। हिंसक विरोध प्रदर्शन में प्रदर्शनकारियों ने व्हाइट हाउस की बाड़ को गिराने का प्रयास किया। शनिवार की रात, फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने राष्ट्रपति जो बाइडेन के खिलाफ अपशब्द बोले और नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने व्हाइट हाउस के बाहर एक बाड़ को तोड़ने की कोशिश की। सीक्रेट सर्विस ने कहा कि विरोध अधिक हिंसक होने के कारण उन्होंने उस एरिया से गैर-जरूरी कर्मचारियों को हटा दिया। एक वीडियो में प्रदर्शनकारियों को बाड़ को इतनी जोर से हिलाते हुए कैद किया गया कि उसका एक हिस्सा ढीला हो गया। सीक्रेट सर्विस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों का डटकर सामना किया और उन्हें व्हाइट हाउस के मैदान में प्रवेश करने से रोका। प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों पर पानी की बोतलें और छड़ें फेंकी और बाड़ पर चढ़ने का प्रयास किया। उन्होंने राष्ट्रपति के खिलाफ नारे लगाते हुए कहा कि वो बच्चों की हत्या का समर्थन करते हैं।

---

## चाइनीज मांझे ने ली तीन जानें पतंग उड़ानें में रखें सावधानी

**भोपाल/हैदराबाद।** पतंग उड़ाने के लिए चाइनीज मांझे का उपयोग कर रहे हैं, तो सावधान रहें। मप्र में छह साल के मासूम की गर्दन कट गई। गुजरात में पिता के साथ बाइक पर जा रहे 5 साल के बच्चे की पतंग के मांझे से गर्दन कट गई। बच्चे के लहूलुहान हालत में हास्पिटल ले जाया गया, लेकिन इलाज शुरू होने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। हैदराबाद में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से सेना के जवान की मौत हो गई। मध्यप्रदेश के धार जिले में सात वर्षीय बच्चे की चाइनीज मांजे से गला कटने पर मौत हो गई। बच्चा अपने पिता के साथ बाजार जा रहा था, तभी उसके गले से होकर चाइनीज मांजा निकला और बच्चा लहूलुहान हो गया। जानकारी के अनुसार मामला धार शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

---

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### श्रीराम के ससुराल...

मंदिर में सवा लाख दीये जलाए जाएंगे। मंदिर की विशेष सजावट पहले ही की जा चुकी है। आकर्षक व रंग-बिरंगी लाइट से इसे सजाया गया है।

महंत ने बाताया कि 3 हजार 200 प्रकार के उपहार प्रभु राम के ससुराल अर्थात जनकपुर से अयोध्या भेजे गए हैं। ससुराल से भेजे जाने उपहार को नेपाल की स्थानीय भाषा मे भार कहा जाता है। उपहारों मे सोने-चांदी के गहने, चांदी कि खड़ाऊ, फल, फूल, मिठाइयां, कपड़े आदि सम्मिलित हैं। कपड़ों और खड़ाऊ को विशेष रूप से तैयार करवाया गया है। कहीं कोई कमी ना रह जाए, इस बात का पूरा ध्यान मंदिर प्रबंधन द्वारा रखा गया है।

**सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजन-**

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जानकी मंदिर प्रांगण में रामायण से जुड़े विभिन्न सांस्कृतिक तथा धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इन्हें अंतिम स्वरूप दिया जा चुका है। माता सीता और प्रभु राम का विशेष श्रृंगार होगा। भव्य आरती की जाएगी। मंदिर में उमड़ने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सप्ताह भर पूर्व ही व्यवस्था बनाए रखने योजना तैयार कर ली गई है।

**पड़ोसी देश में भी उत्साह-**

नेपाल के स्थानीय व्यापारी दीप तयाल ने बताया कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नेपाल में भी उत्साह है। जनकपुर प्रभु राम का ससुराल है, ऐसे में यहां विशेष रूप से उत्साहित हैं। अन्य सीता-राम मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना और आरती की जा रही है।

### अस्सी सालों से...

को जीवंत रखे हुए है। शहर के गांधी चौक ब्राह्मण पारा में स्थित श्री रामायण प्रचारक समिति की अपनी एक अलग पहचान है। संवत 2001 से यहां बुजुर्ग ने श्री राम चरित मानस का पाठ गुणगान और प्रचार शुरू किया जो निरंतर जारी है। शाम होते ही बुजुर्ग से लेकर युवा तक समिति के भवन में बैठ कर इस परंपरा को जारी रखे हुए है। जिससे ना सिर्फ आस पास का वातावरण भगवान राम मय बना रहता है बल्कि यहां से आवागमन कर रहे लोगों को भी सुखद अनुभव होता है।

### गोस्वामी तुलसीदास...

शनै शनै समिति के सदस्यों के अथक प्रयासों से अब यहां भवन का निर्माण हो चुका है। पूजा कमरे में वर्ष 1937 का भगवान श्री राम दरबार की फोटो है जिसकी विधि विधान से नियमित रूप से पूजा अर्चना की जाती है।

पूर्वजों ने जो परंपरा शुरू की है वह आज भी जारी है। श्री रामायण प्रचारक समिति के इस अभियान में समाज के लोगों का भी काफी सहयोग रहा है। समिति के द्वारा प्रतिवर्ष गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर भव्य आयोजन किया जाता है जिसके तहत शालेय स्तरीय वाद विवाद स्पर्धा सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है । सर्वजन कल्याणार्थ व सामाजिक चेतना को जागृत करने की भावना से श्रीराम चरित मानस का नवाह परायण , अखण्ड पाठ, हवन पूर्णाहुति का अनुष्ठान भी किया जाता है । जिसमें बडी संख्या में समाज के लोग व शहर के नागरिको की उपस्थिति रहती है।

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह...

कार्यक्रम को गौरवपूर्ण बनाया है।शहर की श्रीरामायण प्रचारक समिति अपने आयोजनों के लिए जिले भर में प्रख्यात है। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भगवान श्री राम लला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर समिति के सदस्यों में उत्साह का वातावरण निर्मित है। इस अवसर पर भी विविध धार्मिक आयोजन करने की तैयारियां की जा रही है।

### अन्याय के खिलाफ...

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे रविवार को केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश में तानाशाही चलायी जा रही है और भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने में जुटी है। राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को हरी झंडी दिखाने से पहले उन्होंने यह दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर वोट मांगने तो आए थे, लेकिन राज्य के लोग जब हिंसा के कारण मुश्किल में आए तो वह नजर नहीं आए। उनका कहना था कि राहुल गांधी ने न्याय यात्रा के जरिये ऊंची उड़ान का हौसला बनाया है। खरगे ने कहा कि राहुल गांधी चार सिद्धांतों न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व के लिए लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने इस यात्रा के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के अपने सहयोगी दलों के नेताओं को भी आमंत्रित किया है और उसे उम्मीद है कि विभिन्न राज्यों में इस गठबंधन से जुड़े दलों के प्रमुख नेता यात्रा का हिस्सा बनेंगे।

कांग्रेस का कहना है कि लोकसभा चुनाव से पहले निकाली जा रही यह यात्रा 67 दिन में 15 राज्यों और 110 जिलों से होकर गुजरेगी । 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान लगभग 6,700 किलोमीटर की दूरी तय की जायेगी। यात्रा ज्यादातर बस से होगी, लेकिन कहीं-कहीं पदयात्रा भी होगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सात सितंबर 2022 से 30 जनवरी 2023 तक कन्याकुमारी से कश्मीर तक 'भारत जोड़ो यात्रा' निकाली थी। उनकी 136 दिन की इस पदयात्रा में 12 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों के 75 जिलों और 76 लोकसभा क्षेत्रों से गुजरते हुए 4,081 किलोमीटर की दूरी तय की गई थी।

### पीएससी के कारनामों...

जाएगी या सीबीआई खुद एफआईआर करेगी। ये दोनों विकल्प अभी खुले हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 3 जनवरी को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में यह फैसला किया गया था कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई से कराई जाएगी। हालांकि इससे पहले जब 2023 के चुनाव के पूर्व यह मामला सामने आया था, तब ही भाजपा ने वादा किया था कि सरकार में आने पर सीबीआई जांच कराई जाएगी। साय सरकार ने अपने वादे के अनुरूप कैबिनेट की शुरुआती बैठक में ही इस बारे में निर्णय लिया है।

कैबिनेट के फैसले के क्रियान्वयन में राज्य सरकार जुट गई है। गृह विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि यह मामला सीबीआई को सौंपने के पहले कुछ निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है। बताया गया है कि प्रकरण से संबंधित बहुत-सी जानकारियां अलग-अलग कॉलम में तैयार की जा रही हैं। यह दस्तावेजी कार्रवाई पूरी होने के बाद मामला सीबीआई को सौंप दिया जाएगा।

### एफआईआर कौन...

छत्तीसगढ़ में ही एफआईआर कराई जाए। इसके बाद एफआईआर सहित पूरा प्रकरण सीबीआई को दिया जाए। दूसरा विकल्प ये है कि सारे दस्तावेज हाथ में आने के बाद सीबीआई खुद अपने स्तर पर एफआईआर कराए।

### अपने स्तर पर...

सामने आया था, उस समय भाजपा से जुड़े कुछ नेताओं ने इस मुद्दे को राजनीतिक रूप से सामने लाने की कोशिश की थी। अब सीबीआई ऐसे नेताओं से संपर्क कर उनके पास उपलब्ध जानकारी लेने का प्रयास शुरू कर चुकी है।

### ये है मामला-...

अधिकारियों के बेटे-बेटियों और करीबी रिश्तेदारों को डिप्टी कलेक्टर और डीएसपी जैसे पदों पर नियुक्ति देने के आरोप लगे हैं। मामले को लेकर पूर्व मंत्री एवं बीजेपी नेता ननकीराम कंवर ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

### उत्तर भारत में...

में पारा 3अंश सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मध्य प्रदेश में दोपहर के तापमान में वृद्धि देखी गई है। 13 जनवरी को राज्य के 13 शहरों में टेम्परेचर 28 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। हालांकि रातें ठंडी हैं। पारा 10अंश सेल्सियस से नीचे है। बिहार में ठंड को देखते हुए पटना में 8वीं तक के सभी स्कूलों में 16 जनवरी तक छुट्टी कर दी गई है।

### कोहरे का असर,...

असर दिखा रहा है। छाए कोहरे की वजह से वहां यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इसका असर दिल्ली सहित विभिन्न शहरों से रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में आने वाली उड़ानों पर भी हुआ है। दिल्ली-रायपुर के बीच नियमित रूप से छह उड़ानों का संचालन होता है, जिसकी आवाजाही पर कोहरे का असर हुआ। सुबह के शेड्यूल में संचालित होने वाली विस्तारा तथा इंडिगो की फ्लाइट चार से पांच घंटे तक विलंब से संचालित हुई और दोपहर में रायपुर एयरपोर्ट पर लैंड होती रही। दोपहर 2 बजे के करीब आने वाली फ्लाइट को लेटलतीफी की वजह से कैंसिल कर दिया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक दिल्ली से इंडिगो की एक फ्लाइट सुबह 11.45 बजे रायपुर पहुंचती है, जो शाम सात बजे तक रायपुर नहीं आई थी। माना जा रहा है कि उसकी उड़ान को भी कैंसिल कर दिया जाएगा। सुबह से दिल्ली जाने के लिए यात्रियों की भीड़ स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंच गई थी। काफी इंतजार के बाद यात्रा शुरू नहीं होने की वजह से उनका गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने फ्लाइट आने का सही समय नहीं बताने को लेकर काफी नाराजगी जाहिर की। एक यात्री राजेंद्र जैन ने बताया कि आज दिल्ली में एक डॉक्टर से उनका अपाइंटमेंट था, मगर वे सही समय पर नहीं पहुंच सके। एयरलाइंस तथा एयरपोर्ट से जुड़े अधिकारी उन्हें लेटलतीफी की वजह समझाने का प्रयास करते रहे।

**देर तक संचालन-**

दूसरे शहरों से विलंब से आने की वजह से रायपुर से विमानों की रवानगी करीब डेढ़ घंटे विलंब से शुरू हुई। पहली फ्लाइट सुबह 9.38 मिनट में मुंबई के लिए रवाना हुई और दूसरी उड़ान बेंगलुरु की रही। इसके बाद लेट से आने वाली फ्लाइट को पांच से दस मिनट निर्धारित स्टॉपेज के बाद अपने नए गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

### धरती हिली, बिलासपुर...

चंद्रा ने बताया कि चूंकि भूकंप की तीव्रता कम है और इसकी गहराई 10 किमी से कम थी। 10 से 20 किमी भूकंप प्रभावित दायरे में पुरानी झोपड़ियों, कच्चे मकान को नुकसान पहुंच सकता है, बाकी नुकसान होने की संभावना नहीं है। भूकंप का केंद्र भूतल से करीब 5 किलोमीटर गहराई में दर्ज किया गया है। यहां से अमरकंटक हिल रेंज की सीमाएं शुरू होती हैं। छत्तीसगढ़ के कोरबा, सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर से होकर फॉल्ट लाइन गुजरती है, जिसमें पहले भूकंप के कई केंद्र रिकॉर्ड किए जा चुके हैं।

### लोक सेवा आयोग...

जिसके चलते उस पर प्रतिबंध लगाना पड़े। सबसे अधिक मामले चेन्नई और यूपी, बिहार के हैं। इन राज्यों के लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की गई परीक्षाओं में कैंडिडेट्स ने सर्वाधिक फर्जीवाड़े किए हैं।

इस तरह का फर्जीवाड़ा-

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने महेंद्र ओझा, पवन कुमार, मनोज कुमार को 3 साल के लिए प्रतिबंधित किया है। वह नकली बालों का विग लगाकर पहुंचा हुआ था। इस विग में ही इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस नकल के लिए फिट किया गया था।

गुजरात लोक सेवा आयोग ने भुवल चौधरी को हमेशा के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। परीक्षा शुरु होने के पहले ही वह केंद्र के बाहर प्रश्नपत्र की फोटोकॉपी के साथ पकड़ा गया था। पुलिस जांच में आरोपी पाया गया।

गुजरात लोक सेवा आयोग ने श्री निहार को आजीवन बैन किया है। उस पर दूसरे कैंडिडेट को फोन करके भ्रमित करने और साक्षात्कार में शामिल होने से रोकने का आरोप है। वहीं दीपिका पटेल को फर्जी कॉल लेटर के आधार पर इंटरव्यू में शामिल होने के लिए बैन किया गया है।

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने कुमारी अंजू को प्रारंभिक परीक्षा में फेल होने के बाद भी फर्जी तरीके से प्रवेशपत्र तैयार कर अगली परीक्षा में शामिल होने की कोशिश करने के कारण हमेशा के लिए बैन लगाया। 11 अभ्यर्थी को फर्जी सर्टिफिकेट कारण बैन किया गया।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

# जनजातीय कल्याण को समर्पित मोदी सरकार



## देश भर के 188 जिलों के

## प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन)

के लाभार्थियों से
**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**
का संवाद
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

15 जनवरी 2024 दोपहर 12:00 बजे

### पीएम जनमन से जनजातीय समुदाय का बदल रहा जीवन

**प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)**
1 लाख
पक्का घर स्वीकृत
लागत: ₹2390 करोड़

**जल जीवन मिशन (जेजेएम)**
बचे हुए 1830
गाँवों में नल से स्वच्छ जल स्वीकृत
लागत: ₹220 करोड़

**संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आर डी एस एस)**
70,000
घरों का विद्युतीकरण
लागत: ₹300 करोड़

**पीएम जनमन विकास योजना**
450
मल्टीपर्पज सेंटर स्वीकृत
लागत: ₹270 करोड़

**यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ)**
206
मोबाइल टावर के माध्यम से 503 गाँवों में दूरसंचार सुविधा स्वीकृत
लागत: ₹240 करोड़

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना**
1200 किलोमीटर
सड़क स्वीकृत
लागत: ₹900 करोड़

**पीएम जनजातीय विकास मिशन**
405
वन धन विकास केन्द्र स्वीकृत
लागत: ₹20 करोड़

**समग्र शिक्षा अभियान**
100 हॉस्टल
जनजातीय छात्रों के लिए स्वीकृत
लागत: ₹275 करोड़

**आंगनवाड़ी सेवाएं**
916
आंगनवाड़ी केंद्र स्वीकृत
लागत: ₹125 करोड़

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन**
100
मोबाइल मेडिकल यूनिट कार्यशील
लागत: ₹34 करोड़

**8 हजार**
से अधिक कैंप के माध्यम से 10 लाख से अधिक लाभार्थी जुड़े

**2.5 लाख**
लाभार्थी किसान सम्मान निधि के लिए चिन्हित

सैचुरेशन अभियान के तहत बने
**82 हजार**
नए आयुष्मान कार्ड

और बने
**70 हजार**
नए आधार कार्ड

जनजातीय सशक्तिकरण
विकसित भारत

**कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज पर**

CBC 43101/13/0019/2324

14- JAN- K&C- MAIN- Pg- 11 SODKU-KHEL_Layout 1 1/15/2024 12:08 AM Page 1



ऑस्ट्रेलियन ओपन



# जोकोविच पहली बार चार घंटे में जीते पहले दौर का मैच, प्रिज्मिक को चार सेट में हराया

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

गत चैंपियन नोवाक जोकोविच ने 18 वर्षीय क्रोएशियाई क्वालीफायर डिनो प्रिजमिच से मिली चुनौती को पस्त करते हुए रविवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चार घंटे तक चले पहले दौर के मुकाबले में 6-2, 6-7 (5), 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। प्रिजमिच कभी भी ग्रैंडस्लैम का मैच नहीं खेले थे और उनका जन्म जोकोविच के 2005 में ग्रैंडस्लैम पदार्पण करने के सात महीने बाद हुआ था। पर उन्होंने 24 बार के मेजर विजेता को तब तक परेशान किया, जब तक वह कर सकते थे।

मेलबर्न पार्क में 2005 में ग्रैंडस्लैम पदार्पण करने वाले जोकोविच ने आस्ट्रेलियाई ओपन में ऐसा रिकॉर्ड बना दिया है जिसकी बराबरी शायद ही कोई खिलाड़ी कर सके। वह यहां 10 खिताब अपनी झोली में डाल चुके हैं। जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया ओपन में लगातार 29वां मैच जीता है। वहीं, टूर्नामेंट में अपना 90वां मैच जीता। इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा मुकाबले जीतने का रिकॉर्ड रोजर फेडरर के नाम है, जिन्होंने मेलबर्न में 102 मैच जीते है।



### वाइल्ड से फ्रेंच ओपन में हारे थे रुबलेव

फ्रेंच ओपन में आंद्रे रुबलेव को शिकस्त का स्वाद चखाने वाले थियागो सेबोथ वाइल्ड ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में रविवार को यहां एक बार फिर उनके खिलाफ उलटफेर करने के करीब पहुंच गए थे। रूस के अनुभवी खिलाड़ी ने पांच सेट तक चले मुकाबले में आखिरी नौ में आठ अंक भुना कर मैच जीता। पांचवें सेट के 12वें गेम में चार मैच प्वाइंट गंवाने के बाद रुबलेव टाईब्रेकर में 5-2 से पीछे हो गए। उन्होंने धैर्य बनाए रखा और अगले नौ में से आठ अंक जीतकर 7-5, 6-4, 3-6, 4-6, 7-6 से जीत दर्ज की। इस जीत के बाद वह जमीन पर लेट गए और फिर खड़े होकर ब्राजील के प्रतिद्वंद्वी को गले लगाया।

### नोवाक को मिली टक्कर

पहला सेट उम्मीद के अनुरुप हुआ लेकिन दूसरे सेट में प्रिजमिच ने बराबरी हासिल की और फिर तीसरे को ब्रेक तक ले गए जिससे दर्शकों को काफी हैरानी हुई। लेकिन फिर दुनिया के नंबर एक रैंकिंग के खिलाड़ी ने वापसी कर सेट जीत लिया। प्रिजमिच ने चौथे सेट में भी हार नहीं मानी जब वह 0-4 से पिछड़ रहे थे। उन्होंने तीन मैच प्वाइंट बचाकर स्कोर 5-3 कर दिया। अंत में जोकोविच ने चार घंटे एक मिनट तक चले मुकाबले को समाप्त किया।

### ढाई घंटे में जीते सिनर

इटली के यानिक सिनर ने विश्व रैंकिंग में 59वें पायदान पर काबिज बोटिक वान डे जैंडस्चुल्प पर 6-4, 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। सिनर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के शुरुआती मैच को जीतने के लिए लगभग ढाई घंटे का समय लिया।

### वोज्नियाकी की शानदार वापसी



महिला वर्ग में कैरोलिन वोज्नियाकी ने मां बनने के बाद अपने पहले आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। 20वीं वरीयता प्राप्त माग्डा लिनेटे के मैच के दूसरे सेट में रिटायर होने से 2018 आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन वोज्नियाकी अगले दौर में पहुंची, तब वह 6-2, 2-0 से आगे चल रही थीं। वोज्नियाकी ने 2020 में संन्यास ले लिया था और फिर दो बच्चों के जन्म के बाद उन्होंने पिछले साल अमेरिकी ओपन में वापसी की थी। अब वह मारिया टिमोफीवा से भिड़ेंगी जिन्होंने अलीजे कोर्नेट को 6-2, 6-4 से मात दी।

### लेला ने दर्ज की जीत

आठवीं वरीयता प्राप्त मारिया सकारी ने जापान की नाओ हिबिनो को 6-4, 6-1 से शिकस्त दी। पिछले साल के ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद ग्रैंड स्लैम में यह उनकी पहली जीत है। अमेरिकी ओपन 2021 की उपविजेता लेला फर्नांडीज 17 वर्षीय सारा बेजलेक को 7-6, 6-2 हराकर दूसरे दौर में पहुंची। नौवीं वरीयता प्राप्त बारबोरा क्रेजिसिकोवा से पहले सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए माई होंटामा को 2-6, 6-4, 6-3 से शिकस्त दी।

### रिकॉर्ड 68वें मैच में हारी कॉर्नेट

रूस की क्वालीफायर मारिया टिमोफीवा ने फ्रांस की अनुभवी एलिज कॉर्नेट को 6-2, 6-4 से हराया। कॉर्नेट लगातार 68वें ग्रैंड स्लैम स्पर्धा में भाग ले रही थीं, जो महिला टेनिस का रिकॉर्ड है। अमांडा अनिसिमोवा ने करियर ब्रेक के बाद वापसी पर शानदार खेल जारी रखते हुए 13वीं वरीयता प्राप्त ल्यूडमिला सैमसोनोवा पर 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की।

## खबर संक्षेप



### पदार्पण कर रहे जेहान 16वें स्थान पर रहे

**मैक्सिको सिटी।** भारतीय रेसर जेहान दारुवाला फॉर्मूला ई के अपने पदार्पण रेस मैक्सिको ई-प्रिक्स में निराशाजनक 16वें स्थान पर रहे। पच्चीस साल के जेहान ने क्वालीफाइंग सत्र में ग्रुप ए में एक मिनट 14.469 सेकंड के साथ नौवां स्थान हासिल किया था। मासेराती एमएसजी रेसिंग टीम के इस ड्राइवर को इससे मुख्य रेस की ग्रिड में 17वां स्थान मिला। रेस की शुरुआत में उन्होंने अच्छा नियंत्रण दिखाया और 15वें स्थान पर पहुंचे लेकिन पहले लैप की समाप्ति पर वह 17वें और दूसरे लैप के बाद 20वें स्थान पर खिसक गए।

### एथलेटिक बिलबाओ तीसरे स्थान पर पहुंचा

**बार्सिलोना।** फारवर्ड एलेक्स बेरेंगुएर के दो गोल की मदद एथलेटिक बिलबाओ ने ला लिगा मैच में रियल सोसिदाद पर 2-1 से जीत दर्ज की।

# भारत ने जीती श्रृंखला, अफगानिस्तान को दूसरे टी20 में छह विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| इंदौर

यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे के अर्धशतकों की मदद से भारत ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में रविवार को यहां अफगानिस्तान को 26 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद निर्धारित 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 172 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। भारत ने 15.4 ओवर में चार विकेट पर 173 रन बनाकर जीत दर्ज की। तीसरा और अंतिम मैच 17 जनवरी को बेंगलुरु में खेला जाएगा।

जायसवाल ने 34 गेंद पर पांच चौकों और छह छक्कों की मदद से 68 रन बनाए जबकि दुबे ने 32 गेंद पर नाबाद 63 रन की पारी खेली जिसमें पांच चौके और चार छक्के शामिल हैं। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की। अफगानिस्तान की तरफ से गुलबदीन नैब ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 35 गेंद पर 57 रन की पारी खेली।



### स्कोर बोर्ड

आस्ट्रेलिया : 177/10

| अफगानिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गुरबाज का दुबे बो बिश्नोई | 14 | 09 | 1 | 1 |
| जदरान का एवं बो अक्षर | 08 | 10 | 1 | 0 |
| नईब बो रोहित बो अक्षर | 57 | 35 | 5 | 4 |
| ओमरजई बो दुबे | 02 | 05 | 0 | 0 |
| नबी का रिंकू बो बिश्नोई | 14 | 18 | 1 | 0 |
| नजीबुल्लाह बो अर्शदीप | 23 | 21 | 1 | 2 |
| जनत का पटेल बो अर्शदीप | 20 | 10 | 2 | 1 |
| मुजीबुर रहमान रन आउट | 21 | 09 | 2 | 2 |
| नूर का कोहली बो अर्शदीप | 01 | 02 | 0 | 0 |
| नवीनुल हक नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |
| फजलहक रन आउट | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 20 ओवर में 172/10
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-32-3, मुकेश 2-0-21-0, बिश्नोई 4-0-39-2, अक्षर 4-0-17-2, दुबे 3-0-36-1, सुंदर 3-0-23-0.

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का गुरबाज बो जनत | 68 | 34 | 5 | 6 |
| रोहित बो फजलहक फारुकी | 00 | 01 | 0 | 0 |
| कोहली का इब्राहिम बो हक | 29 | 16 | 5 | 0 |
| शिवम दुबे नाबाद | 63 | 32 | 5 | 4 |
| जितेश का नबी बो जनत | 00 | 02 | 0 | 0 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 09 | 09 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 15.4 ओवर में 173/4
गेंदबाजी : फारुकी 3.4-0-28-1, मुजीबुर 2-0-32-0, हक 3-0-33-1, नूर 3-0-35-0, नबी 2-0-30-0, जनत 2-0-13-2.

### रोहित अपने 150वें मैच में 0 पर आउट

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अपने 150वें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच को यादगार नहीं बना पाए और पारी के पहले ओवर में ही फजलहक फारुकी की गेंद पर बोल्ड होकर बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इस तेज गेंदबाज ने अपने अगले ओवर में जायसवाल का कैच छोड़ा। भारत के सलामी बल्लेबाज ने हालांकि इस ओवर में दो छक्के लगाकर अपने तेवर दिखाए। जायसवाल ने स्पिनर मुजीब का स्वागत लगातार तीन चौके जड़कर किया, लेकिन पिछले 14 महीने में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे विराट कोहली (29 रन) अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए।



### अमेरिका ने दर्ज की लगातार दूसरी जीत

**रांची।** अमेरिका शानदार फॉर्म जारी रखते हुए रविवार को यहां एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर मैच में इटली को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल के करीब पहुंच गया। शनिवार को मेजबान और दुनिया की छठे नंबर की टीम भारत को 1-0 से हराकर उलटफेर करने वाली अमेरिकी टीम के लिए एशले सेसा ने 20वें मिनट में गोल दागा और फिर एशले होफमैन ने 48वें में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम को 2-0 से आगे कर दिया। यह स्कोर निर्णायक रहा। वहीं टूर्नामेंट में दूसरी हार के बाद इटली पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर हो गया। उसे शनिवार को न्यूजीलैंड के हाथों 0-3 से हार झेलनी पड़ी थी। इटली की टीम ने अमेरिका के खिलाफ शानदार जज्बा दिखाया और गोल करने के कुछ अच्छे मौके बनाये लेकिन प्रतिद्वंद्वी सर्कल के अंदर रणनीति को कार्यान्वित नहीं करने का खामियाजा भुगता।

# सात्विक-चिराग मलेशिया ओपन में बने उपविजेता



एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी रविवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में हार गए। चीन के लियांग वेई केंग और वांग की विश्व में नंबर एक जोड़ी ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में उन्हें हराया।

इस तरह से उन्हें उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा।दोनों जोड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया लेकिन एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली सात्विक और चिराग की जोड़ी पहला गेम जीतने और निर्णायक गेम में 11-7 की बढ़त का फायदा नहीं उठा पाई और आखिर में उन्हें लियांग और वांग से 21-9, 18-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी की लियांग और वांग के हाथों यह चौथी हार है। यह दोनों जोड़ियां पिछले साल चार बार आमने-सामने थी जिनमें चीन की जोड़ी तीन मुकाबले जीतने में सफल रही थी। सात्विक और चिराग ने इस बीच केवल कोरिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में अपनी इस प्रतिद्वंद्वी टीम को हराया था।

### मुलानी के प्रदर्शन से मुंबई जीत के करीब



**मुंबई।** बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी की शानदार गेंदबाजी के दम पर मुंबई ने रविवार को यहां आंध्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच में जीत की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। मुलानी ने पहली पारी में 65 रन देकर 6 विकेट लिए जिसकी मदद से मुंबई ने आंध्र को 72 ओवर में 184 रन पर आउट कर दिया। मुंबई ने आंध्र को फॉलोआन के लिए आमंत्रित किया। आंध्र ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 166 रन बनाए हैं और उसे पारी की हार से बचने के लिए अभी 47 रन की जरूरत है।


# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 21 रन से दी मात

एजेंसी ▶▶| हैमिल्टन



सलामी बल्लेबाज फिन एलेन के आकर्षक अर्धशतक और तेज गेंदबाज एडम मिल्ने के चार विकेट की मदद से न्यूजीलैंड ने रविवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 21 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त बनाई।

पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर 10 ओवर के बाद एक विकेट पर 111 रन था। कीवी टीम 8 विकेट पर 194 रन ही बना पाई। एलेन ने 41 गेंद पर सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से 74 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से हारिस रऊफ ने 38 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 19.3 ओवर में 173 रन बनाकर आउट हो गई। उसके केवल तीन बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे। इनमें बाबर आजम (66) और फखर जमां (50) भी शामिल है जिन्होंने अर्धशतक लगाए। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी की। इनके अलावा शाहीन शाह अफरीदी ने 22 रन बनाए। यूजीलैंड की तरफ से एडम मिल्ने ने 33 रन देकर चार विकेट लिए। उनके अलावा टिम साउदी, बेन सीयर्स और ईश सोढ़ी ने दो-दो विकेट हासिल किए।



### मार्श ने पेशेवर क्रिकेट से लिया संन्यास

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट खिलाड़ी शॉन मार्श ने रविवार को पेशेवर क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि बुधवार को बिग बैश लीग में सिडनी थंडर के खिलाफ मेलबर्न रेनेगेड्स का मुकाबला उनका आखिरी मैच होगा। वह ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच के साथ +संन्यास ले रहे हैं। चालीस साल के मार्श ने रेनेगेड्स से जारी बयान में कहा, 'मुझे रेनेगेड्स के लिए खेलना पसंद है। मैं पिछले पांच वर्षों में कुछ शानदार लोगों से मिला हूं और जो दोस्ती मैंने बनाई है वह जीवन भर रहेगी।'

### मोहन बागान ने हैदराबाद को हराया

**भुवनेश्वर।** ऑस्ट्रेलिया के दिमित्रियोस पेट्राटोव के अंतिम क्षणों में पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से मोहन बागान सुपर जॉइंट्स ने रविवार को यहां कलिंग सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट में हैदराबाद एफसी को 2-1 से हराया। मोहन बागान ने फिर से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करके तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किये। उसके अब दो मैच में छह अंक हो गए हैं। हैदराबाद एफसी ने अपने दोनों मैच गंवाए हैं और वह खिताब की दौड़ से लगभग बाहर हो गया है। हैदराबाद एफसी ने शानदार शुरुआत की और रामहलुन्चुंगा के गोल की मदद से शुरू में ही बढ़त हासिल कर ली। पहले हाफ में हैदराबाद का दबदबा रहा और मध्यांतर तक वह 1-0 से आगे था। मोहन बागान ने दूसरे हाफ में शुरू से दबाव बनाया, लेकिन उसके खिलाड़ियों ने गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए। मोहन बागान की तरफ से आखिर में 88वें मिनट में स्थानापन खिलाड़ी जेरेमी ने बराबरी का गोल किया। इसके दो मिनट बाद मोहन बागान को पेनल्टी मिली और पेट्राटोव ने उसे गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की।

# ओलंपिक क्वालीफायर में योगेश का गोल्डन डबल



**जकार्ता।** भारतीय निशानेबाजों ने रविवार को यहां एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में स्वर्ण पदक जीतना जारी रखा। योगेश सिंह ने अमित कुमार और ओम प्रकाश के साथ मिलकर टीम स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करने से पहले पुरुष 25 मीटर व्यक्तिगत स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में भी सोने का पदक जीता। कुवैत सिटी में शॉटगन के ओलंपिक क्वालीफायर में कम से कम दो महिला ट्रैप निशानेबाज पहले दिन के क्वालीफिकेशन के बाद सोमवार को शीर्ष छह फाइनल्स में जगह बनाने के लिए अच्छी स्थिति में थीं। योगेश ने 572 अंक से स्टैंडर्ड पिस्टल स्वर्ण पदक जीता और फिर अमित (565) और प्रकाश (553) के साथ जोड़ी बनाकर टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी जीत लिया। इससे भारत के 14 स्वर्ण और 10 रजत से कुल 32 पदक हो गए हैं।

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)
सूचना
एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इंण्डिया के ई–प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

## राशिफल

**मेष** — कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — भाग–दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।


**धनु** — व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** — मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

## शब्द पहेली - 5395



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5394 का हल



## सूडोकु नवताल - 5405

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5404 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

14- JAN- K&C- MAIN- Pg- 12 RAJDHANI_Layout 1 1/14/2024 11:53 PM Page 1



# मोदी की गारंटी के वादे होंगे पूरे : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर/रामानुजगंज

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सरगुजा की जनता ने पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। हम आपके भरोसे पर खरा उतरेंगे। पिछले पांच सालों में छत्तीसगढ़ का जो विकास रूक गया था वह अब तेजी से होगा और मोदी की गारंटी के अनुरूप सभी वादे पूरे होंगे व क्षेत्र की जो भी मांगे है उन्हें हम पूरा करेंगे। डबल इंजन की सरकार में विकास कार्यों को गति मिलेगी। सीएम श्री साय आज मकर संक्रांति एक अवसर पर तातापानी में आयोजित महोत्सव के उद्धघाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान सीएम ने कहा कि तातापानी की धरती बहुत ही पवित्र है और यह धरती राम कथा से जुड़ी है। तातापानी महोत्सव की शुरुआत हमारी ही सरकार ने की थी और हर साल यह महोत्सव भव्य रूप लेता जा रहा है। सीएम ने तातापानी को पर्यटन स्थल घोषित करने के साथ ही कहा कि यहां पर्यटन विभाग द्वारा मोटल का निर्माण किया जाएगा। तातापानी क्षेत्र के विकास के लिए आने वाले समय में मास्टर प्लान भी तैयार किया जाएगा। सीएम श्री साय ने कहा कि तातापानी का संबंध माता सीता से है। यह हम लोगों के लिए बहुत खुशी की बात है कि 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। हमें इस महत्वपूर्ण आयोजन को देखते हुए पूरा माहौल राममय कर देना है। हर जगह भजन-कीर्तन आदि माध्यमों से पूरा माहौल भक्तिमय करना है। इसके साथ ही सीएम ने रघुनाथनगर में महाविद्यालय व डीपाडीह कला में नवीन पुलिस चौकी की घोषणा की। प्रदेश के संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि तातापानी में भगवान राम-सीता जी के पवित्र चरण पड़े। हमारा सौभाग्य है कि हमने ही 2012 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के समय में तातापानी महोत्सव की शुरूआत की थी।



### सीएम ने की पतंगबाजी, चारपाई पर बैठकर खाया तिलकुट

तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव के उद्घाटन समारोह में शामिल होने पहुंचे सीएम श्री साय ने आज पहले दिन स्वामी आत्मानन्द एवं जवाहर नवोदय स्कूल के बच्चों के साथ चकरी एवं मांझा थाम कर पतंगबाजी का आनंद लिया। सीएम के साथ ही मंत्री बृजमोहन अग्रवाल व राम विचार नेताम ने जमकर पतंगबाजी की। इसके साथ ही सीएम ने मंदिर प्रांगण में चारपाई पर बैठकर तिलकुट और तिल के लड्डू का लुत्फ उठाया। ऐसी मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन स्नान, दान के साथ तिलकुट व तिल के लड्डू को खाया जाता है।

### तपेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना

मकर संक्रांति के अवसर पर तातापानी महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कैबिनेट मंत्रियों व विधायकों के साथ तपेश्वर महादेव मंदिर में पूजा- अर्चना कर प्रदेशवासियों की समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने तपेश्वर महादेव पर जल का अर्घ्य देकर तपेश्वर महादेव के विशाल प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके साथ ही सीएम ने विशाल शिव प्रतिमा का अवलोकन किया।

### 400 जोड़े बंधे दाम्पत्य सूत्र में सीएम ने दिया आशीर्वाद

तातापानी महोत्सव के दौरान आज 400 नव युगल मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री श्री साय का स्वागत पगड़ी पहनाकर किया गया। इस अवसर पर सीएम ने नवदंपतियों को जीवन में नए पड़ाव के लिए शुभकामनाएं दी। सीएम व कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों की मौजूदगी में सामाजिक रीति रिवाज के साथ विवाह कराया गया। समारोह के दौरान 19 जोड़े का विवाह ईसाई रीति, 1 मुस्लिम रीति एवं शेष जोड़ियों का विवाह हिंदू रीति रिवाज से सम्पन्न किया गया। इन जोड़ियों में 7 जोड़ियो विशेष पिछड़ी जनजाति (पहाड़ी कोरवा) के साथ 3 दिव्यांग जोड़ी भी शामिल है। मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा नव विवाहित जोड़ों को घरेलू सामग्री, प्रति जोड़ा 21-21 हजार का डेमो चेक प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने पहाड़ी कोरवा समुदाय के जोड़े रंजीता और दिनेश्वर, शांति और लाबूड़, लक्ष्मी और बसंत, रजनी और सोहन, सुभंति और छोटन राम से मिलकर उन्हें आशीर्वाद दिया।

## महिला को जंगल उठा ले गया तेंदुआ

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर से महज 8 -10 किलोमीटर दूर दाबकट्टा में एक महिला पर तेंदुआ ने हमला किया और उसको खा गया। महिला के शरीर से सिर गायब है। पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम करा शव को परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम दाबकट्टा गोटा पारा की रहने वाली 40 वर्षीय कमला बाई पति राम सिंह परिवार के साथ 13 जनवरी की शाम अपने खेत लाड़ी में थी। पुलिस के अनुसार जिस समय तेंदुआ ने महिला पर हमला किया, उस दौरान परिवार के लोग खेत लाड़ी के अंदर रूम में थे। इसलिए इस घटना को वे देख नहीं पाए। रात तक महिला नहीं दिखी तो खोजबीन किए, लेकिन पता नहीं चल पाया। सुबह फिर परिवार एवं ग्रामीणों ने खोजबीन शुरू किया तो महिला का शव खेत लाड़ी से 500 मीटर दूर जंगल मे मिला।














Authorised Main Dealer:- BILASPUR- CHANDRA TVS Tel. 9109119171. CHANDRA TVS Uslapur Tel. 8982438075.JANJGIR- APRAJITA TVS Tel. 8251061855., KORBA- TULSI TVS Tel. 8305262286., RAIGARH- APRAJITA TVS Tel. 8251072536. SHRI HANUMAN TVS Tel.8527434191 PATHALGAON- PRABHU TVS Tel : 8824006076. AMBIKAPUR- SHRI MAHAMAYA TVS Tel. 8305203315., SHRI RAM TVS M.G. Road Tel. 9509338256., BAIKUNTHPUR- AGRAWAL TVS Tel. 8236914704., SURJPUR - JAI DURGA TVS Tel.7877664042.

Authorised Dealer: Katghora - Ruchi Auto Tel.8770690902. Pali - Jeet Agency Tel. 9424150294. Kartala - Sharma Auto Tel. 9981566233. Hardibazar- Durgesh Agency Tel. 9977562337. Seorinarayan - Priyadarshi Automobiles Tel. 9770096600. Gidhouri - Priyadarshi Automobiles Tel. 9770096600. Takhatpur - Kaushik Auto Tel. 7898677598. Sipat - Maa Mahamaya Auto Centre Tel. 9617077778. Kota - Vaibhav Motors Tel.9893364649. Mungeli - Shri Niranjam Motors Tel. 7000103560. Pendra - Sumeet Motors Tel. 9406007324 Ratanpur - Shri Sai Services Tel. 9827123748. Nawagarh - Rk Motors Tel. 9754422619 Lailunga - Shree Shyam Sales Tel. 9424188181. Pussore - Umesh Automobiles Tel. 9993443267. Sarangarh - Shri Ram Automobiles Tel. 9425252719. Akaltara - Bhawani Automobiles Tel. 9425230512. Baloda - Ambey Auto Agency Tel. 9977829180. Patna - Ananya Auto Agency Tel. 9993908312. Shakti - Shri Shailam Auto Tel. 9893669936. Baradwar - Maa Sharda Auto Agency Tel. 8871871872. Kusmi - Sai Auto Tel. 9691065198. Balrampur - Abhyas Automobiles Tel. 7691815794. Tapkara - Sonu Automobiles Tel 9755248064. Bhaiyathan - Prabhat Motors Tel. 7000174136. Bishrampur - Gopal Krishna Motors Tel. 7566290727. Kunkuri - Deepak Motors Tel. 8839304665. Rajpur - Mangalam Motors Tel. 7999592521. . Jarhi - Maa Mahamaya Auto Tel. 9893422986. Ramanujganj - Ganpati Automobiles Tel. 8878214520. Manendragarh - Shri Ram Sales Tel. 9406462666. Pratappur - Titan Automobiles Tel. 9753373609. Sitapur - Shankar Automobiles Tel. 8889272331. Batauli - JK Automobiles 8839756338. GAURELLA - MITTAL MOTORS Tel. 9424153222. RAJPUR - MANGALAM MOTORS Tel. 7999592521. KHARSIA - BANSAL AGENCY Tel. 7771078078, Jashpur Nagar - Shiv Shakti Auto Tel. 9302737741, Dharamjaigarh - Arjun Automobiles Tel. 7415553407.


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com